



RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 248 | कुशीनगर | शुक्रवार 09 जुलाई, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये

### मोदी कैबिनेट के नए मंत्रियों ने संभाला अपने मंत्रालय का चार्ज

# मोदी की सबसे युवा कैबिनेट

### केन्द्र सरकार में बदलाव का सबसे बड़ा एनालिसिस




मनमोहन की सबसे बड़ी कैबिनेट से अब भी एक कम

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में 43 नए लोगों को शामिल किया गया है। जिन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसमें 36 नए चेहरों को शामिल किया गया है, जबकि सात मौजूदा राज्यमंत्रियों को कैबिनेट में प्रमोट किया गया। वहीं आठ नए चेहरों को भी कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। मंत्रिमंडल में जिम्मेदारियां मिलने के बाद मंत्रियों ने कार्यभार संभालना शुरू कर दिया है। कैबिनेट में शामिल किए गए अनुराग ठाकुर ने सूचना और प्रसारण मंत्री के रूप में आज कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को पूरा करने की कोशिश करूंगा। अनुराग ठाकुर को राज्य मंत्री से प्रमोट कर कैबिनेट में भेजा गया है। ठाकुर ने प्रकाश जावड़ेकर की जगह ली है। बता दें कि अनुराग ठाकुर के अलावा अश्विनी वैष्णव समेत कई मंत्रियों ने पदभार संभाल लिया है। जेडीयू कोटे से आए सांसद आरसीपी सिंह को इस्पात मंत्री बनाया गया है। आरसीपी सिंह ने भी आज अपना कार्यभार संभाल लिया। आरसीपी सिंह जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। वहीं देश के नए स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभाल लिया । इस दौरान उन्होंने पहले पूजा पाठ की। गुजरात से भाजपा के सांसद मनसुख मांडविया ने डॉ. हर्षवर्धन की जगह ली है। आज अश्विनी वैष्णव इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का काम संभाला। सुबह 10 बजे इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन पहुंचकर उन्होंने अपना पद संभाला। इसके अलावा अश्विनी वैष्णव ने रेल मंत्रालय का कार्यभार शुरू किया। इससे पहले इस पद पर पीयूष गोयल थे। कैबिनेट विस्तार के बाद अब मंत्रिमंडल में कुल मंत्रियों की संख्या 77 तक पहुंच गई है, इससे पहले यह संख्या 69 थी। नियम के मुताबिक यह संख्या 81 तक पहुंच सकती है। बुधवार को मंत्रिमंडल से कई वरिष्ठ नेताओं की विदाई हो गई। नरेंद्र मोदी अपने पास कार्मिक, जन शिकायत, पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग समेत सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे को रखे हुए हैं। इसके अलावा वो सभी मंत्रालय भी पीएम मोदी के पास है जो किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं। नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपनी कैबिनेट का पहला विस्तार किया। विस्तार से पहले 12 मंत्रियों ने इस्तीफा दिया, तो 36 नए चेहरों को कैबिनेट में जगह मिली। 7 मंत्रियों को प्रमोट किया गया। यानी, कुल 43 मंत्रियों ने शपथ ली। इसके साथ ही मोदी कैबिनेट में प्रधानमंत्री समेत कुल मंत्रियों की संख्या 78 हो गई है। ये मोदी का अब तक का सबसे बड़ा मंत्रिमंडल है। कैबिनेट में अधिकतम 81 मंत्री बनाए जा सकते हैं। यानी, अभी भी 3 मंत्रियों के लिए जगह खाली है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार सत्ता में आए तो उनकी कैबिनेट में महज 46 मंत्री शामिल थे। तब प्रधानमंत्री ने मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस का नारा दिया। हालांकि, तीन साल बाद ही हालात बदले और उनकी कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 76 हो गई।



ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, ग्रहों की शांति और मजबूती के लिए रत्नों को धारण किया जाता है। इन्हीं रत्नों में एक रत्न है नीलम, जिसे शनि ग्रह की शांति के लिए धारण किया जाता है। नीलम रत्न का प्रभाव बहुत ही तेजी से दिखता है। इस चमत्कारिक रत्न को धारण करने वाले जातकों को आर्थिक लाभ मिलता है। वह जातक नौकरी और व्यवसाय में खूब उन्नति करता है।

## लगातार दूसरे दिन बढ़े पेट्रोल–डीजल के दाम

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल–डीजल की कीमतों में आज लगातार दूसरे दिन वृद्धि की। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल की कीमत प्रति लीटर 39 पैसे तक और डीजल की 15 पैसे तक बढ़ी। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के



अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल का मूल्य 35 पैसे बढ़कर 100.56 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गया। डीजल की कीमत भी नौ पैसे बढ़कर 89.62 रुपये प्रति लीटर हो गई। पेट्रोल–डीजल के दाम बढने का मौजूदा क्रम 04 मई को शुरू हुआ था। दिल्ली में मई और जून में पेट्रोल 8.41 रुपये और डीजल 8.45 रुपये महँगा हुआ था। जुलाई में पेट्रोल की कीमत 1. 75 रुपये और डीजल की 46 पैसे प्रति लीटर बढ़ चुकी है। मुंबई में पेट्रोल के दाम में 34 पैसे और डीजल के दाम में नौ पैसे की वृद्धि की गई। वहाँ अब पेट्रोल 106.59 रुपये और डीजल 97.18 रुपये प्रति लीटर हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल 31 पैसे महँगा होकर 101.37 रुपये और डीजल नौ पैसे की बढ़ोतरी के साथ 94.15 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गया। कोलकाता में पेट्रोल 39 पैसे महँगा होकर 100.62 रुपये प्रति लीटर पर पहुँच गया। वहाँ डीजल की कीमत 15 पैसे बढ़ी और एक लीटर डीजल 92.65 रुपये प्रति लीटर का बिका।

## प्रियंका सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने वीरभद्र सिंह के निधन पर दुख जताया

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा और कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के निधन पर दुख जताया और राज्य



के विकास में उनके योगदान को याद किया। कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह का लंबी बीमारी के बाद बृहस्पतिवार तड़के निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, ''वीरभद्र सिंह जी सही मायनों में एक कद्दावर नेता थे। जनता और कांग्रेस की सेवा करने की उनकी प्रतिबद्धता आखिर तक अनुकरणीय रही। उनके परिवार और मित्रों के प्रति मेरी संवेदना है। हम उनकी कमी महसूस करेंगे।'' प्रियंका गांधी ने कहा, ''राजनीति में विशालकाय पर्वतों–सा कद रखने वाले और देवभूमि हिमाचल को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री वीरभद्र सिंह जी के निधन से हम सबको एक अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर श्री वीरभद्र सिंह जी को श्रीचरणों में स्थान दें। विनम्र श्रद्धांजलि।'' हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ट्वीट किया, ''हमारे मित्र, छह बार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरभद्र सिंह जी के देहांत के समाचार से मन व्यथित है। अच्छे इंसान एवं स्नेही व्यक्तित्व वाले वीरभद्र जी से मेरे निजी संबंध थे। परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदनाएं। भावभीनी श्रद्धांजलि।

# ब्लॉक प्रमुख के नामांकन के दौरान बम व गोलियां चलीं, तीन घायल, भगदड़ मची

### ब्लॉकों में नामांकन के दौरान पत्रों की छीना झपटी ने हिंसक रूप ले लिया

सीतापुर,(एजेंसी)। सीतापुर जिले के थाना कमलापुर इलाके में ब्लॉक प्रमुख के नामांकन के दौरान गोली व बम चलने से बवाल मच गया। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। सीतापुर जिले के थाना कमलापुर इलाके में गुरुवार को कसमंडा ब्लॉक में नामांकन के दौरान जमकर बवाल हो गया। नामांकन करने जा रही भाजपा से बागी उम्मीदवार को रोकने को लेकर हुए बवाल के दौरान हथगोले चले और कई राउंड फायरिंग भी हुई। घटना के बाद भगदड़ मच गई। पुलिस ने लोगों पर लाठियां भांजी। घटना के बाद तनाव है। फिलहाल पुलिस पूरे हालात को काबू में करने का दावा कर रही है। घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं। ब्लॉक प्रमुख पद के चुनाव के लिए गुरुवार को जिले के 19 ब्लॉक में नामांकन की प्रक्रिया चल रही थी। इसी बीच कसमंडा ब्लॉक में भाजपा प्रत्याशी गुड्डी देवी अपना नामांकन करने के बाद ब्लॉक से चली गई। बताया जाता है कि कुछ देर बाद निर्दलीय प्रत्याशी मुन्नी देवी नामांकन करने ब्लॉक के अंदर जा रही थी तभी उन्हें रोक दिया गया। बताया जाता है कि



मुन्नी देवी को गुड्डी देवी के समर्थकों ने रोका था। मुन्नी देवी भाजपा से ही टिकट मांग रहीं थीं। नहीं मिलने पर बगावत करते हुए वह निर्दलीय के रूप में नामांकन करने जा रही थीं। इसी को लेकर वाद–विवाद शुरू हो गया। कहासुनी के दौरान मामला तूल पकड़ गया और देखते ही देखते गोलियां चलने लगीं। कई राउंड फायरिंग के बीच हथगोले भी चले। इससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई।

## स्वास्थ्य मंत्री बदले जाने को लेकर राहुल का कटाक्ष: यानी अब टीकों की कमी नहीं होगी

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के पद से डॉ हर्षवर्धन को हटाए जाने और मनसुख मंडाविया को यह जिम्मेदारी सौंपे जाने को लेकर बृहस्पतिवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि इसका मतलब है कि अब देश में टीकों की कमी नहीं होगी। उन्होंने 'चेंज' हैशटैग से ट्वीट किया, ''इसका मतलब है कि अब टीकों की और कमी नहीं होगी।'' भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 'गैरजिम्मेदार' हैं और बिना किसी वजह के आलोचना करते हैं। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा



कि नये स्वास्थ्य मंत्री का पहला काम देश में टीकों की उचित और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना होना चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, ''नये स्वास्थ्य मंत्री का पहला काम यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि टीकों की उचित और निर्बाध आपूर्ति हो।

## एसटीएफ ने नकली डॉ गैस सीरप बेचने वाले को किया गिरफ्तार

लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने नकली डॉ गैस सीरप ऊंचे दाम पर बेचकर लाभ अर्जित करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य कुशाल अग्रवाल लखनऊ के अमीनाबाद इलाके से गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ ने बताया कि क्रेडिट लाइफ साइन्स प्रालि की विख्यात दवा डॉ गैस सीरप का एप्पल फार्मुलेशन के डायरेक्टरों के साथ मिलकर नकली प्रतिरूप तैयार कर लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में ऊंचे दामों पर बेचकर मोटा लाभ अर्जित करने वाले गैंग के सक्रिय सदस्य कुशाल अग्रवाल को कल रात करीब पौने आठ बजे बाबी ड्रग हाउस अमीनाबाद इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार



लखनऊ निवासी कुशाल अग्रवाल के कब्जे से 1838 डुप्लीकेट डा0 गैस सीरप के अलावा अन्य सामान और कुछ नकदी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि क्रेडिट लाइफ साइन्स प्रालि के कुंवर हरैया बस्ती निवासी प्रभात हरेन्द्र सिंह के शिकायती प्रार्थना पत्र एसटीएफ ने यह कार्रवाई की। इसी क्रम में एसटीएफ ने आवेदक प्रभात हरेन्द्र सिंह से सम्पर्क करके उनको व कम्पनी के निदेशक का कार्य देख रहे रकाश सिंह को अपने कार्यालय बुलाया था। श्री प्रकाश सिंह ने बताया गया कि मैं और मेरा भाई क्रेडिट लाइफ साइन्स कंपनी के निदेशक के तौर पर कार्य कर रहे हैं। प्रभात हरेन्द्र सिंह के नाम परडा0 गैस व्यापार चिन्ह रजिस्टर्ड है, जो ट्रेडमार्क रजिस्टार के क्लास–5 दवा से सम्बन्धित है।

## बंगाल सरकार ने वित्तवर्ष 22 के लिए बजट पेश किया

कोलकाता,(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने विभिन्न वर्गो के लोगों के लिए और अधिक मदद का वादा करते हुए अपना पहला बजट पेश किया। राज्य के उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी ने लक्ष्मी



भंडार, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड और यात्री परिवहन वाहनों पर रोड टैक्स माफ जैसी जन लाभार्थी योजनाओं की घोषणा के साथ वित्तवर्ष 2021–2022 के लिए विधानसभा में 3.08 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। चटर्जी, जिन्होंने फरवरी में राज्य के वित्तमंत्री अमित मित्रा की स्वास्थ्य स्थिति के कारण सदन में वोट–ऑन–अकाउंट रखा था, ने बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार ने मोटर वाहन कर की एकमुश्त छूट का विस्तार करने का फैसला किया है। 1 जुलाई 2021 से 31 दिसंबर 2021 तक की अवधि। सरकार ने विलेखों के पंजीकरण के लिए स्टांप शुल्क में 2 प्रतिशत की कमी करने का भी प्रस्ताव किया है, जबकि सर्कल दर में 10 प्रतिशत की कटौती की गई है।

## मोदी वाराणसी को 400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की देंगे सौगात

वाराणसी,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पवित्र शहर की अपनी अगली यात्रा पर वाराणसी के लोगों को 421.54 करोड़ रुपये की 65 नई परियोजनाएं उपहार में देंगे, जो उनका संसदीय क्षेत्र है। प्रधानमंत्री के नए उपहारों में एक सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआईपीईटी) शामिल है। हालांकि, प्रधानमंत्री के दौरे की अंतिम तारीख अभी तय नहीं हुई है, आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि वह इस महीने के अंत में अपने निर्वाचन क्षेत्र का दौरा कर सकते हैं। वाराणसी को कुल मिलाकर 736 करोड़ रुपये से अधिक की 75 परियोजनाओं के उद्घाटन का इंतजार है। इस सप्ताह की शुरुआत में अपने वाराणसी दौरे के दौरान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के साथ बैठक में सभी पूर्ण और चालू परियोजनाओं के विवरण की समीक्षा की। उन्होंने भारत–जापान मित्रता के प्रतीक के रूप में 186 करोड़ रुपये के बजट



से निर्मित अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर रुद्राक्ष का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री अपनी अगली यात्रा पर रुद्राक्ष आईसीसी को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और तैयार परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और उसी जगह से नई परियोजनाओं की नींव रखेंगे। इस बीच, नई परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए डिविजनल कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा, 40.1 करोड़ रुपये के बजट से सिपेट के भवन का निर्माण सूची में सबसे ऊपर है, जिसके लिए आधारशिला रखी जाएगी। उन्होंने आगे कहा, पुलिस लाइन में पुलिस के लिए 12 मंजिला ट्रांजिट हॉस्टल (24.96 करोड़ रुपये), कृषि उत्पाद निर्यात के लिए करखियाओ औद्योगिक क्षेत्र में आम और सब्जी एकीकृत पैक हाउस (15.78 करोड़ रुपये), महगांव में एक आईटीआई की आधारशिला (14.16 करोड़ रुपये) है।

# योगीजी, आप चुनाव हारेंगे, वजह पुलिस की गुंडई होगी

वाराणसी। वाराणसी में रहने वाले विश्व हिंदू सेना के अध्यक्ष अरुण पाठक को तलाश में पुलिस 6 दिन से दबिश दे रही है। लेकिन अब तक उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। वहीं, अरुण पाठक सोशल मीडिया पर हर दिन नई–नई पोस्ट कर पुलिस और योगी सरकार को चैलेंज कर रहा है। पुलिस ने अरुण की तलाश में उसके घर छापेमारी की थी। इस बात से तिलमिलाए अरुण पाठक ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, श्हिम्मत है तो छापा वहां मारो जो प्रभु श्रीराम के ट्रस्ट में दलाली खा रहे हैं। योगी जी आप बुरी तरह चुनाव हारेंगे, इसका एक बड़ा कारण पुलिसिया गुंडई होगी।श बनारस की कहावत के जरिए साधा निशाना अरुण पाठक ने लिखा कि बनारस की पुरानी कहावत है, जबरा (मजबूत व्यक्ति) मारे अबरा (कमजोर व्यक्ति) को और रोवहूं (रोने) न दे। योगीजी अन्याय का अंत बहुत भयावह होता है। उच्च न्यायालय में सभी लोग जवाब देने के लिए तैयार रहना, क्योंकि वहां योगी जी की सरकार नहीं है। गौरतलब है कि बीते साल नेपाली युवक का सिर मुड़वा कर जय श्रीराम का नारा लगवाने के मामले में अरुण पाठक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई की थी। इसे लेकर अरुण पाठक ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्याय की गुहार लगाकर तत्कालीन थानेदार ही नहीं बल्कि वाराणसी के एसएसपी तक को तलब करा दिया था। पुलिस कैमरा और मेरी बेटी का मोबाइल ले



गई विश्व हिंदू सेना अध्यक्ष अरुण पाठक ने बुधवार सुबह सोशल मीडिया पोस्ट लिखा था कि श्योगी मैंने ढोंगी कहा तो आपको इतना बुरा लग गया कि रात 1रू30 बजे आपकी पुलिस मेरे घर में घुस जाती है। जैसे कि वो किसी हिंदूवादी का घर न होकर आतंकवादी का हो। पुलिस घर में सुरक्षा के लिए लगाया गया कैमरा, डीवीआर और मेरी बेटी का मोबाइल भी ले गई। मेरे बड़े भाई को भी उठा ले गई, जिनकी किडनी खराब हैं। क्या मैं हाफिज सईद हूं या सैय्यद सलाउद्दीन हूं या आईएसआई का एजेंट हूं? हिंदुत्व के लिए आपके शरीर का कितना रक्त बहा है, आपने कितनी लाठियां खाई हैं। मैंने पहला रक्ताभिषेक मां शृंगार गौरी आंदोलन में किया था। दर्जनों बार हिंदुत्व के नाम पर लाठियां भी खाई, जेल भी गया और विषपान तक किया। इतना त्याग करने वाले हिंदूवादी के साथ आतंकवादी वाला व्यवहार किया जा रहा है। लोकतंत्र में अपनी बात रखने को हर लोग स्वतंत्र हैं। क्या आप मेरे परिवार की हत्या करवाना चाहते हैं...? वाराणसी में 2 बार जगह–जगह लगाए विवादित पोस्टर अरुण पाठक ने 2 जुलाई और 5 जुलाई की रात शहर के अलग–अलग स्थान पर मोदी–योगी को ढोंगी और हिंदू विरोधी बताते हुए पोस्टर लगाए थे। इसे लेकर अरुण पाठक के खिलाफ लंका, भेलूपुर और सिगरा थाने में 3 अलग–अलग मुकदमे पुलिस की ओर से दर्ज किए गए। पुलिस की 3 टीमें अरुण की तलाश में बिहार तक गईं। उनके करीबियों से भी पूछताछ की गई, लेकिन अरुण का पता नहीं लगा। सिगरा, लंका और भेलूपुर थाने के थानाध्यक्षों ने बताया कि अरुण पाठक कहां छुपा है, इस संबंध में कोई ठोस जानकारी अब तक नहीं मिली है। अरुण के फेसबुक एकाउंट की मदद से उस तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

## महंत नरेंद्र गिरि की कार का एक्सीडेंट, सीएम योगी से मिलने आ रहे थे लखनऊ

लखनऊ,(यूएनएस)। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की कार का एक्सीडेंट हो गया है। हादसे में नरेंद्र गिरि को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि हादसा सुल्तानपुर–लखनऊ हाइवे पर हुआ है। नरेंद्र गिरि के साथ कार में अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत हरि गिरी भी थे। दोनों फिलहाल सुरक्षित हैं। दोनों दूसरे वाहन से लखनऊ रवाना हो गए हैं। महंत नरेंद्र गिरि गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने लखनऊ जा रहे थे। रास्ते में सुल्तानपुर–लखनऊ हाइवे पर सामने से आ रहे वाहन से उनकी कार की टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। इस हादसे के बाद अखाड़ा परिषद के दोनों पदाधिकारी दूसरी कार से लखनऊ के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। बीते दिनों उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत द्वारा दिए गए बयान सभी भारतीयों का डीएनए एक है, का भी समर्थन किया था। महंत नरेंद्र गिरि ने बयान जारी करके कहा था कि यह सत्य है कि भारत में रहने वाले हिंदुओं के साथ सभी धर्म के लोगों का डीएनए एक है। लालच और दबाव में आकर काफी लोगों ने अपना मतांतरण करवाया था, आज वही अलग–अलग धर्मों को मान रहे हैं, लेकिन सदियों पहले उनके पूर्वज हिंदू ही थे।

## वो महबूबा के साथ सरकार बनाएं तो रासलीला, हम ओवैसी के साथ करें गठबंधन तो कैरेक्टर ढीला : राजभर

लखनऊ सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हम और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी मिलकर सरकार बनाने जा रहे हैं। ओम प्रकाश राजभर ने आज बीजेपी का नाम लिए बगैर कहा कि यूपी में हमारे गठबंधन पर जो इल्जाम लगा रहे हैं, वो कश्मीर में महबूबा मुफ्ती के साथ सरकार बनाते हैं। वो महबूबा के साथ सरकार बनाएं तो रासलीला, हम उत्तर प्रदेश में ओवैसी के साथ गठबधन करें तो कैरेक्टर ढीला। आज एक दिन के दौरे पर एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी लखनऊ पहुंचे। यूपी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर संकल्प भागीदारी मोर्चा की मीटिंग अहम मानी जा रही है।

## बीडीसी सदस्यों की गैर मौजूदगी में हुई बैठक

बांदा,(यूएनएस)। तिंदवारी ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई। खास बात यह है कि बैठक में एक भी बीडीसी सदस्य नहीं आया। इसे लेकर लोगों में तरह–तरह की चर्चाएं रहीं। माना जा रहा है कि ब्लाक प्रमुख के संभावित उम्मीदवार उन्हें अपनी निगरानी में रखे हैं। सीओ सदर सत्यप्रकाश शर्मा ने कहा कि ब्लॉक प्रमुख चुनाव में बीडीसी सदस्यों को मतदान करना है। बैठक में सदस्यों का होना जरूरी था। एक भी सदस्य के मौजूद न रहने पर सीओ ने सभी से शांतिपूर्ण तरीके और निष्पक्ष मतदान को कहा। बैठक में बाजार करने आए ग्रामीण ही दिखाई दिए। उधर, ब्लाक प्रमुख चुनाव को लेकर लोगों में चर्चाएं गरम रहीं। ज्यादातर बीडीसी सदस्यों के मोबाइल बंद रहे। उनके परिजन 10 जुलाई तक के लिए बाहर जाने या दूर में जाने का बहाना बना रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक ज्यादातर बीडीसी सदस्य ब्लॉक प्रमुख पद के उम्मीदवारों के संरक्षण में हैं। सीओ सदर सत्यप्रकाश शर्मा ने कहा कि ज्यादातर बीडीसी सदस्य महिलाएं हैं। घर–घर जाकर उन्हें बैठक में नहीं लाया जाएगा। जो आए थे उनके साथ बैठक कर ली गई है।

## बीएलओ ड्यूटी पर शिक्षकों में रोष

बांदा,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने हाईकोर्ट और निर्वाचन आयोग की रोक के बाद भी महिला–पुरुष शिक्षकों को बीएलओ कार्य में लगाए जाने का कड़ा विरोध जताया है। अन्य मांगों पर भी प्रदेश सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है। संघ की जिलास्तरीय बैठक में अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि मांगे पूरी न होने की दशा में आंदोलन किया जाएगा। सदस्यता अभियान की भी चर्चा की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रजीत सिंह ने संगठन की मांगे बताते हुए कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेशचंद्र शर्मा के नेतृत्व में बड़े आंदोलन की तैयारी की जा रही है। पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस चिकित्सा, उपार्जित अवकाश, अंतर्जनपदीय तबादले, प्रोन्नत वेतनमान आदि की मांगों का जिक्र किया। बैठक में संघ के पदाधिकारी, सदस्य और शिक्षक उपस्थित रहे।

## धोखाधड़ी से निकला 4.60 लाख वापस मिला

बांदा,(यूएनएस)। धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के मामले में पुलिस महानिरीक्षक के. सत्यनारायणा ने जांच के बाद कार्रवाई कराकर ठगी का शिकार हुई महिला को 8 महीने बाद 4.60 लाख रुपये वापस दिला दिए। कबरई (महोबा) निवासी राजकुमारी ने कबरई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जन सुविधा केंद्र में पिछले वर्ष 29 सितंबर से 45 दिनों तक 10–10 हजार रुपया उसके खाते से ट्रांसफर होता रहा। उसे पता नहीं चला। आईजी ने इस केस की विवेचना कबरई पुलिस से लेकर क्राइम ब्रांच महोबा के क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर राजकुमार को सौंप दी।

## मोदी की पसंद, जो यूपी की पिच पर दिखाये करतब

लखनऊ,(यूएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेहरे अपनी टीम के लिए चुने, लेकिन पूरा ध्यान उन खिलाड़ियों पर रखा जो यूपी की चुनावी पिच पर साझेदारी निभा सकें। मिशन 2022 का कैबिनेट विस्तार में संज्ञान लिया।जो नहीं चलेंगे वो मोदी ने बदल भी दिये। संतोष गंगवार कोरोना काल में बहुत खत किताबत किये थे, इस्तीफा देकर घर आ गये। कई नामचीन कैबिनेट से बाहर हो गये हैं। यही वजह है कि केंद्रीय कैबिनेट में बड़े नामों के बजाय सामाजिक समीकरणों को प्राथमिकता दी गई है। तीन पिछड़े, तीन दलित और एक ब्राह्मण बिरादरी के मंत्री के साथ ही बीजेपी ने क्षेत्रीय संतुलन भी साधा है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में यूपी से 7 नए चेहरे शामिल किए गए हैं। लखनऊ से अब दो राजनाथ सिंह और कौशल किशोर केंद्रीय मंत्री हो गए हैं। यूपी से राज्यसभा सांसद हरदीप पुरी को शामिल कर लें तो विस्तार के पहले मोदी सहित 10 चेहरे केंद्र में यूपी से थे। इनमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संतोष गंगवार का इस्तीफा ले लिया गया। नई भागीदारी के बाद अब टीम मोदी में उनके अलावा यूपी से 14 चेहरे हो गए हैं। लोकसभा की 20 फीसदी से अधिक सीटों वाले यूपी की मंत्रिमंडल में हिस्सेदारी भी करीब 20 परसेंट हो गई है। नए पुराने चेहरों को जोड़ लें तो पूर्वांचल से 5, अवध से 4, पश्चिम यूपी से 3, बुंदेलखंड से 2 और रुहेलखंड से एक चेहरा टीम मोदी का हिस्सा है। विकास के घोषणापत्रों के बीच यूपी के विधानसभा चुनाव के नतीजे जातीय और सामाजिक समीकरणों से सधते हैं। सवर्णों के साथ ही गैर–यादव ओबीसी और गैर–जाटव दलितों को अपने कोर वोट बैंक में बदलने के अभियान में बीजेपी 2014 से ही लगी हुई है। उसे इसका फायदा हुआ है। मंत्रिमंडल विस्तार में इसे और मजबूती दी गई है। नए चेहरों में दो कुर्मी बिरादरी से हैं। अनुप्रिया और उनके दल का पूर्वांचल के कई जिलों में प्रभाव है। इस बिरादरी से आने वाले संतोष गंगवार को हटाया गया तो पंकज चौधरी को जोड़कर उसकी भरपाई कर दी गई। बदायूं के रहने वाले बीएल वर्मा लोध बिरादरी से आते हैं। सेंट्रल यूपी के कई जिलों में इस बिरादरी के वोट निर्णायक हैं। तीन दलित मंत्रियों में कौशल किशोर पासी, भानुप्रताप वर्मा कोरी और एसपी सिंह बघेल धनगर बिरादरी से आते हैं। 2014 से ही गैर–जाटवों के वोट बीएसपी से छिटक कर बीजेपी में जुड़े हैं। अति–पिछड़ों, दलितों की उपजातियों की भागीदारी का यह गुलदस्ता सत्ता का गुलदान सजाने के काम आएगा। एसपी सिंह बघेल बीजेपी के पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। अति पिछड़ों में पाल बिरादरी में भी उनका प्रभाव माना जाता है। इस समय वह आगरा की सुरक्षित सीट से सांसद हैं। उन्होंने धनगर जाति एससी का प्रमाणपत्र लगाया था, जिसका मुकदमा भी चल रहा है। अजय मिश्र टेनी अवध से आते हैं। इस बेल्ट से केंद्रीय मंत्रिमंडल में ब्राह्मणों की पहले कोई भागीदारी नहीं थी। मंत्रिमंडल में पहले से नरेंद्र मोदी वाराणसी, राजनाथ सिंह लखनऊ, स्मृति इरानी अमेठी, महेंद्र नाथ पांडेय चंदौली हरदीप सिंह पुरी राज्यसभा, साध्वी निरंजन ज्योति फतेहपुर,वीके सिंह गाजियाबाद, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर शामिल हैं। विस्तार में नए मंत्रियों में कौशल किशोर मोहनलालगंज, अनुप्रिया पटेल मीरजापुर, पंकज चौधरी महाराजगंज, भानु प्रताप वर्मा जालौन, बीएल वर्मा राज्यसभा,अजय कुमार मिश्र खीरी और एसपी सिंह बघेल आगरा शामिल हुए हैं।

## फ्लिपकार्ट ने संपूर्ण सप्लाई चेन को शत प्रतिशत सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल किया

लखनऊ,(यूएनएस)। भारत के स्वदेशी ई–कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपनी संपूर्ण सप्लाई चेन को 2021 तक प्लास्टिक मुक्ति पैकेजिंग के लक्ष्य तक पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा कर दिखाया है और इस कड़ी में देशभर में स्थित फ्लिपकार्ट के सभी फुलफिलमेंट सेंटर्स से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह खत्म हो गया है। हेमंत बदरी, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एवं हैड सप्लाई चेन, फ्लिपकार्ट ने कहा कि फ्लिपकार्ट में हम सस्टेनेबल और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रक्रियाओं पर जोर देते हैं। 100 प्रतिशत सिंगल.यूज प्लास्टिक मुक्त होने की दिशा में बढ़ना सस्टेनेबल इकोसिस्टम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। हमने कोविड से बुरी तरह प्रभावित बीते साल की चुनौतियों का सामना करते हुए इस लक्ष्य को हासिल कर दिखाया है और हमें अपनी टीम पर गर्व है जिसने हमारी प्राथमिकताओं को भरपूर सम्मान दिया। अब हम अपने विक्रेताओं के नेटवर्क पर भी सस्टेनेबल पैकेजिंग के लिए वैकल्पिक सामग्री के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रहे हैं ताकि पर्यावरण की बेहतर देखभाल हो सके और संपूर्ण सप्लाई चेन पर भी सकारात्मक सामाजिक प्रभाव पड़े।फ्लिपकार्ट ने देशभर में अपने 70 से ज्यादा सेंटर्स पर प्लास्टिक.मुक्त पैकेजिंग को हटाकर उसके स्थान पर इको। फ्रेंडली पेपर श्रेड्स पॉनी पाउच की जगह रीसाइकिल्ड पेपर बैग्स्प बब्बल रैप्स को हटाकर कार्टन वेस्ट श्रेडेड मैटिरियल और 2 प्लाइ रोल आदि का इस्तेमाल शुरू किया है। इस पूरी प्रक्रिया में फ्लिपकार्ट ने यह सुनिश्चित किया है कि वह सभी ईपीआर नियमों का पालन करे और साथ हीए उपभोक्ताओं तक पहुंचने वाले सिंगल.यूज प्लास्टिक के बराबर मात्राए उसके रीसाइक्लर्स नेटवर्क के चलतेए पूरी तरह से रीसाइक्लिड हो। इस उल्लेखनीय मंजिल को हासिल करने के बादए फ्लिपकार्ट अब अपने सैलर पार्टनर्स कोए जो कि कस्टमर ऑर्डर्स को सीधे अपने लोकेशंस से पूरा करते हैंए भी वैकल्पिक सामग्री के इस्तेमाल के लिए शिक्षित और प्रेरित कर रही है।

## उत्तर प्रदेश की सियासत मुस्लिम–यादव फैक्टर के इर्द–गिर्द नहीं घूमेगी: ओवैसी

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले ही राजनीतिक हलचलें बढ़ गई हैं। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ने के ऐलान ने सियासत में गर्माहट को बढ़ा दिया है।असदुद्दीन ओवैसी सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में संकल्प भागीदारी मोर्चा के तहत चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। आज लखनऊ पहुंचे ओवैसी ने एक होटल में संकल्प भागीदारी मोर्चा की बैठक की। बैठक में संकल्प भागीदारी मोर्चा के संयोजक ओमप्रकाश राजभर मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सियासत सिर्फ मुस्लिम–यादव फैक्टर के इर्द–गिर्द नहीं घूमेगी। सबकी भागीदारी जरूरी है। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि भागीदारी संकल्प मोर्चा के पास अभी 10 दल हैं। जनता को उनके अधिकार दिलाना है। ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि मोर्चा में अभी सीटों के बंटवारे पर कुछ भी तय नहीं हुआ है। अभी 100 या 50 सीट जैसा कुछ नहीं है। हम सीटों के बंटवारे पर फाइनलाइजेशन कर रहे हैं। ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि हम लोगों के घरेलू बिजली को माफ करेंगे। इसके अलावा सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को लागू करने के साथ ही गरीबों को मुफ्त इलाज दिए जाने पर भी हमारा मोर्चा काम करेगा। ओवैसी ने कहा, यूपी में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के अलावा एक विकल्प बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री कौन होगा? इस पर चुनावों के बाद तय करेंगे। ओवैसी ने उदाहरण देते हुए कहा कि जब अभी शादी नहीं हुई तो बच्चे का नाम क्या रखेंगे इस पर कुछ नहीं कह सकते। उन्होंने अयोध्या में कारसेवकों के नाम पर बन रही सड़कों पर भी कहा कि सरकार गंगा में बह रही लाशों पर भी कुछ करती, गरीबों के लिए भी कुछ करते तो बात होती। संघ प्रमुख मोहन भागवत के डीएनए वाले बयान पर ओवैसी ने कहा कि कब तक हम अपने आप को इंडियन और मुसलमान बताते फिरेंगे।कांग्रेस पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एक मजबूत विकल्प भागीदारी मोर्चा यूपी में बनेगा। उन्होंने पूछा कि आज अगर मुस्लिम माइनॉरिटी का एजुकेशन कम है तो इसका जिम्मेदार कौन है? रोजगार कम क्यों है? इसका जिम्मेदार ओवैसी ही है क्या? यूपी की पॉलिटिक्स में बीजेपी की टीम बी कहे जाने पर ओवैसी ने कहा कि बीजेपी शायद यह भूल रही है कि लोगों की मौत को जनता भूलेगी नहीं।उन्होंने कहा कि हमारा ग्राफ पिछले विधानसभा चुनावों में बढ़ा है।हम बिहार में हम 20 सीटों पर चुनाव लड़े और 5 सीटें जीते, यह हमारी उपलब्धि है।उन्होंने कहा कि केवल मुसलमान–यादव गठबंधन से यूपी की सियासत नहीं चलेगी। इसके बाद असदुद्दीन ओवैसी लखनऊ से बहराइच के लिए रवाना हो गए।

# संक्षिप्त समाचार

## अविश्वास प्रस्ताव विधि विपरीत, निरस्त करें

बांदा,(यूएनएस)। अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलक्ट्रेट कर्मचारी संघ अध्यक्ष ने महामंत्री को प्रत्यावेदन सौंपा। उन्होंने रोष जताया कि उनकी गैर मौजूदगी में कुछ कर्मचारियों ने बैठक कर अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया। यह विधि विपरीत और मनगढ़ंत है। जल्द बैठक बुलाकर अविश्वास प्रस्ताव निरस्त किया जाए। अध्यक्ष विनोद कुमार सविता ने महामंत्री पुरुषोत्तम दास गुप्ता को अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध में प्रत्यावेदन सौंपा। इसके अलावा डीएम, संघ प्रदेश अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को भी प्रति भेजी है। इसमें कहा कि वह अवकाश पर इलाज कराने गए थे। चार जुलाई को संघ की बैठक तय थी। उनकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष को बैठक के लिए नामित किया गया था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में कुछ संघ कर्मियों ने गंभीर आरोप लगाकर अविश्वास प्रस्ताव पेश कर दिया, जो विधि सम्मत नहीं है। उन्होंने मांग की कि बैठक बुलाकर अविश्वास प्रस्ताव निरस्त किया जाए और संघ की छवि धूमिल करने वाले सदस्यों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उनके समर्थन में लगभग 37 सदस्यध्कर्मचारियों ने हस्ताक्षर किए हैं। इसे भी ज्ञापन में संलग्न किया गया।

## सरकारी सामानों के रखरखाव में लापरवाही

बांदा,(यूएनएस)। कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए शासन–प्रशासन अस्पतालों में व्यवस्थाएं मुहैया कराने में जुटा है तो दूसरी तरफ सरकारी समानों के रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है। इसकी बानगी जिला अस्पताल है। पीकू (पीडियाट्रिक इंटेसिव केयर यूनिट) के आइसोलेशन वार्ड के लिए उपलब्ध कराए गए पलंग और गद्दे जमीन पर पड़े खराब हो रहे हैं। उन्हें कबाड़ की तरह रखा गया है। धूल की परत चढ़ रही है। जिम्मेदार भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला अस्पताल परिसर स्थित निर्माणाधीन मंडलीय चिकित्सालय के भूतल में पलंग और गद्दे गैलरी में रखे गए हैं। सही रखरखाव न होने और लापरवाही के चलते गद्दे खराब हो रहे हैं। अस्पताल प्रशासन समेत स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों को भी सामानों के रखरखाव में हो रही लापरवाही नजर नहीं आ रही। यहां 100 बेड का पीकू वार्ड बनना है। इनमें 20 बेड का आईसीयू वार्ड तैयार है। 40 बेड का एचडीयू और 40 बेड का आइसोलेशन वार्ड और बनना है। पीकू वार्ड में भर्ती बच्चों की देखरेख में यहां रुकने वाले अभिभावकों को पलंग दिया जाएगा। इसके लिए अलग वार्ड तैयार किया जा रहा है, लेकिन आईसीयू के अलावा फिलहाल अन्य वार्ड तैयार नहीं हैं। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूबी सिंह ने बताया कि भूतल के हाल में काम चल रहा है। इसलिए अभी बेड नहीं डाले गए हैं। बाहर बेतरतीब रखे गए पलंग और गद्दों की जानकारी नहीं है। रखरखाव में लापरवाही से सामान खराब हुए तो जिम्मेदारों को बख्शा नहीं जाएगा।

## महिला ने एसपी से मारपीट की शिकायत की

उरई/जलौन,(यूएनएस)। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरसेला निवासी किरन देवी ने एसपी डा. यशवीर सिंह को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने घर के बाहर छोटी बहन व पिताजी के साथ बैठी थी। तभी गांव पर महेंद्र सिंह ठाकुर उसके घर के बाहर से निकले। कुत्ता सामने आ जाने पर उनकी बाइक फिसल गई। इस पर उसने पिता के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इसके बाद पिता व छोटी बहन की पिटाई और जान से मारने की धमकी दी। युवती ने एसपी से मांग की है कि आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

## सिनेमा भी समाज का ही एक अंग है

उरई/जलौन,(यूएनएस)। कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के तीसरे दिन सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त राकेश कुमार पालीवाल ने सिनेमा में साहित्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कहा कि साहित्य और सिनेमा हमारे जीवन के कलात्मक पक्ष के साथ ही बड़े पहलू है। और साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है, ठीक उसी प्रकार से सिनेमा भी समाज का अंग है। डीआईओएस भगवत पटेल ने कहा कि कला, साहित्य और विज्ञान को विकास से जोड़कर देखा जाना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार यशवंत सिंह ने कहा कि आधुनिक दौर विस्तार का दौर है। आज के परिवेश में हर हाथ में सिनेमा है। वह भले ही छोटी स्क्रीन पर हो लेकिन मोबाइल के रूप में हमारे सामने ही है। इतिहासकार डॉ चित्रगुप्त ने बुंदेलखंड में पर्यटन की संभावनाओं को तलाशते हुए कहा कि बुंदेलखंड के ऐतिहासिक और पर्यटक स्थल फिल्मों की शूटिंग के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। झांसी जनपद में स्थित किले, नदी और बाग–बगीचे भी शूटिंग के लिए उपयोगी हैं। मोंठ क्षेत्र सहित समथर, लोहागढ़,अम्मरगढ के ऐतिहासिक स्थल, बिरहटा एवं खिरियाघाट में बेतवा नदी किनारे आदि बहुत अच्छी लोकेशन फिल्म निर्माताओं को मिल सकती है। फेस्टिवल के संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया।

## लव जेहाद जैसे मुद्दों पर बजरंग दल कार्यकर्ता आंदोलित

उरई/जलौन,(यूएनएस)। धर्मांतरण व लव जेहाद के मामलों से आक्रोशित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अंकुर कौशिक को सौंपा। इसमें ऐसे मामलों के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई। तहसील मुख्यालय पर जुटे बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि समूचे प्रदेश में इस समय एक संप्रदाय के कट्टरपंथी लोगों द्वारा धर्मांतरण व लव जेहाद की घटनाओं को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। इसमें जनपद जालौन भी अछूता नहीं है। पिछले दिनों उरई की कांशीराम कॉलोनी व कालपी में धर्मांतरण व लव जेहाद की घटना को अंजाम दिया गया और बुधवार को भी उरई के ही बजरिया क्षेत्र के निवासी एक कट्टरपंथी युवक ने बहुसंख्यक वर्ग की युवती को जिंदा जलाकर सड़क किनारे फेंक दिया। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में आकाश उदैनिया, हर्ष राठौर, आयुष गौतम, प्रदीप राठौर, कृष पाठक, प्रदीप, कन्हैया गोस्वामी, प्रवीण कुशवाहा, मनीष यादव, अमित कुशवाहा आदि रहे।

## आरबीएसके टीमों को दी गई क्षय रोगियों की खोजने की जिम्मेदारी

उरई/जलौन,(यूएनएस)। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की टीमें अब क्षय रोगियों की भी खोज करेंगी। यह टीमें अपने–अपने में क्षेत्र में क्षय रोग से पीड़ित बच्चों की जांच कर उन्हें इलाज मुहैया कराने में मदद करेगी। यह जानकारी जिला शीघ्र हस्तक्षेप मैनेजर (डीईआईसी) मैनेजर रवींद्र चौधरी ने दी।

# रियो दि जिनेरियो के ऐतिहासिक माराकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा मैच

*अर्जेंटीना और ब्राजील का सामना यूं तो सौ से ज्यादा बार हुआ है लेकिन फाइनल चार ही खेले। अर्जेंटीना ने 1937 में दक्षिण अमेरिकी चौम्पियनशिप फाइनल में ब्राजील को 2 . 0 से हराया। इसके बाद 2004 कोपा फाइनल में ब्राजील ने पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना को मात दी।*

ब्यूनस आयर्स। इन दोनों टीमों के लिये दीवानगी दुनिया भर के फुटबॉलप्रेमियों के सिर चढकर बोलती है और कोपा अमेरिका फाइनल में जब नेमार की ब्राजील का सामना लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना से होगा तो दुनिया भर में टीवी के सामने नजरें गड़ाये बैठे दर्शकों को मनोरंजन की पूरी सौगात मिलेगी। ब्राजील और अर्जेंटीना के बीच कोपा अमेरिका फाइनल शनिवार को रियो दि जिनेरियो के ऐतिहासिक माराकाना स्टेडियम पर खेला जायेगा। कोरोना महामारी और ऐन मौके पर मेजबान बदले जाने से विवादों के घेरे में आये टूर्नामेंट की इससे बेहतर परिणिति नहीं हो सकी थी। गत चौम्पियन ब्राजील और अर्जेंटीना कुल मिलाकर सात विश्व कप और 23 कोपा अमेरिका खिताब जीत चुके हैं। मेस्सी की मंशा देश के लिये पहला बड़ा खिताब थामने की होगी। अर्जेंटीना ने आखिरी बार 1993 में बड़ा खिताब जीता था। मेस्सी 2007, 2015 और 2016 कोपा फाइनल हारने वाली टीम का हिस्सा रहे और 2014 विश्व कप फाइनल में जर्मनी के हाथों पराजय झेली। कप्तान मेस्सी ने सेमीफाइनल में कोलंबिया को हराने के बाद कहा ,'' मेरी सबसे बड़ी ख्वाहिश देश के लिये खिताब जीतने की है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने की कोशिश करते हैं।'' नेमार चोट के कारण 2019 कोपा फाइनल नहीं खेल



सके थे। ब्राजील ने पेरू को 1 . 0 से हराकर इस बार फाइनल में जगह बनाई तो नेमार ने कहा कि वह अर्जेंटीना से फाइनल खेलना चाहते हैं। बार्सीलोना के लिये एक साथ चौम्पियंस लीग जीत चुके नेमार और मेस्सी अच्छे दोस्त हैं।

## फर्राटा धाविका दुती चंद का तोक्यो ओलंपिक में सेमीफाइनल तक पहुंचने का लक्ष्य!

*एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता दुती राष्ट्रीय अंतर राज्य सीनियर एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में 100 मीटर फाइनल में चौथे स्थान पर रही थी जो उनकी ओलंपिक से पहले आखिरी रेस थी।*



नयी दिल्ली। विश्व रैंकिंग कोटा के जरिये तोक्यो ओलंपिक में जगह बनाने वाली फर्राटा धाविका दुती चंद का लक्ष्य 11 . 10 सेकंड की टाइमिंग निकालना है जो उनके अनुसार सेमीफाइनल तक पहुंचने के लिये जरूरी होगा। ओडिशा की इस एथलीट ने हैदराबाद से को दिये इंटरव्यू में कहा ,'' मैने एशियाई स्तर पर पदक जीता है लेकिन ओलंपिक में दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ी आते हैं। अमेरिका या जर्मनी के धावकों का टाइमिंग तो 10 सेकंड के आसपास तक चला जाता है। मैने 11 . 10 का लक्ष्य रखा है जिससे सेमीफाइनल तक आ सकती हूं।'' सीधे क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद दुती ने विश्व रैंकिंग कोटा के जरिये तोक्यो का टिकट कटाया। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता दुती राष्ट्रीय अंतर राज्य सीनियर एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में 100 मीटर फाइनल में चौथे स्थान पर रही थी जो उनकी ओलंपिक से पहले आखिरी रेस थी। इससे पहले उन्होंने इंडियन ग्रां प्री 4 में महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में 11 . 17 सेकंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। वह ओलंपिक के लिये सीधे क्वालीफाई करने से 0 . 02 सेकंड से चूक गई थी। सौ मीटर चार्ट में 44वीं और 200 मीटर में 51वीं रैंकिंग होने से उन्होंने क्वालीफाई कर लिया। उन्होंने कहा ,''रियो ओलंपिक 2016 तक क्वालीफायर के जरिये ही ओलंपिक खेल सकते थे लेकिन इससे कई बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी खेलों में भाग लेने से मामूली अंतर से चूक जाते थे। इसीलिये आईओसी ने इस बार रैंकिंग व्यवस्था भी रखी है ताकि ऐसे खिलाड़ी चूक नहीं जाये।'' दुती ने कहा ,'' ओलंपिक के लिये सौ मीटर में क्वालीफिकेशन मार्क 11 . 15 सेकंड था और कोरोना महामारी के कारण मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं वहां तक पहुंच सकूंगी।

## क्या अगला Wimbledon नहीं खेल पाएंगे रोजर फेडरर? क्या दिया खिलाड़ी ने जवाब

*आठ बार के चौम्पियन फेडरर को अगला विम्बलडन खेलने का भरोसा नहीं है।बता दें कि पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद से वह सिर्फ आठ मैच खेले हैं। ठीक एक महीने बाद अपना 40वां जन्मदिन मनाने जा रहे फेडरर से रैकेट से वैसे स्ट्रोक्स नहीं निकले जिन्होंने उन्हें 20 बार ग्रैंडस्लैम चौम्पियन बनाया।*

विम्बलडन। 'ग्रासकोर्ट के बादशाह' रोजर फेडरर का ऑल इंग्लैंड क्लबपर अमूमन दर्शकों ने खड़े होकर अभिवादन किया है लेकिन इस बार क्वार्टर फाइनल में उनकी अप्रत्याशित हार के बाद यह अभिवादन विदाई जैसा लग रहा था और आठ बार के चौम्पियन इस महान खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि उन्हें पता नहीं है कि वह अगला विम्बलडन खेल सकेंगे या नहीं। फेडरर को 14वीं वरीयता प्राप्त पोलैंउ के हुबर्ट हुरकाज ने 6 . 3, 7 . 6, 6 . 0 से हराया। टूर्नामेंट में



22वीं बार उतरे फेडरर की रवानगी आश्चर्यजनक रूप से एकतरफा हार के साथ रही। यह वह फेडरर नहीं था जिसके देखने की दुनिया भर के टेनिसप्रेमियों को आदत रही है। पिछले साल घुटने के आपरेशन के बाद से वह सिर्फ आठ मैच खेले हैं। ठीक एक महीने बाद अपना 40वां जन्मदिन मनाने जा रहे फेडरर से रैकेट से वैसे स्ट्रोक्स नहीं निकले जिन्होंने उन्हें 20 बार ग्रैंडस्लैम चौम्पियन बनाया। यह पूछने पर कि क्या यहां उनका यह आखिरी मैच था, फेडरर ने कहा ,'' पता नहीं। मुझे सच में नहीं पता। मुझे आत्ममंथन करना होगा।'' टेनिस से संन्यास की संभावना पर उन्होंने कहा ,'' अभी नहीं। उम्मीद है कि अभी नहीं। अभी खेलने का लक्ष्य है।'' अपने 429 ग्रैंडस्लैम मैच में फेडरर ने तीसरी बार ही कोई सेट 6 . 0 से गंवाया। इससे पहले दोनों बार फ्रेंच ओपन में ऐसा हुआ था। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में फेडरर ने कहा ,'' पिछले कुछ मैच अपेक्षा के अनुरूप नहीं थे। मुझे इस तरह के हालात की आदत नहीं है। यहां तो कतई नहीं।'' फेडरर को अपना आदर्श मानने वाले हुरकाज ने कहा कि उन्होंने इस नतीजे की कल्पना नहीं की थी।

## भारतीय आईटी उद्योग वित्त वर्ष 2021–22 में 11% आय वृद्धि के साथ जोरदार वापसी करेगा

मुंबई। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को कहा कि भारतीय आईटी उद्योग वित्त वर्ष 2021–22 में 11 प्रतिशत तक की आय वृद्धि के साथ जोरदार वापसी करेगा। यह सुधार मुख्य रूप से बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा (बीएफएसआई), स्वास्थ्य सेवा, खुदरा और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में आउटसोर्सिंग बढ़ाने और डिजिटल रूपांतरण सेवाओं में तेजी के कारण होगा। नैसकॉम के अनुसार वित्त वर्ष 2020–21 में आईटी उद्योग की आय 194 अरब अमेरिकी डॉलर थी। विप्रो के संस्थापक अध्यक्ष अजीम प्रेमजी का मानना है कि भारतीय आईटी उद्योग की आय चालू वित्त वर्ष में दोहरे अंकों में बढ़ेगी। खासतौर से यह देखते हुए कि महामारी के बावजूद उद्योग ने वित्त वर्ष 2020–21 में 2–3 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की और सकल आधार पर 1.58 लाख नई नौकरियां दी गईं। क्रिसिल ने कहा कि उच्च व्यावसायिक स्तर और अधिक लाभदायक डिजिटल सौदों (कुल आय में वित्त वर्ष 2019–20 में 40 प्रतिशत के मुकाबले 2020–21 में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी) से आईटी कंपनियों को बेहतर परिचालन मार्जिन बनाए रखने में मदद मिलेगी।क्रिसिल के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि ग्राहकों द्वारा लागत को काबू में करने की कवायद के साथ ही आईटी सेवाओं की आउटसोर्सिंग में वैश्विक स्तर पर लगातार तेजी देखी जा रही है। इसके अलावा महामारी के बीच डिजिटल सेवाओं के लिए अतिरिक्त अवसर तैयार हुए हैं। विप्रो के संस्थापक अध्यक्ष अजीम प्रेमजी का मानना है कि भारतीय आईटी उद्योग की आय चालू वित्त वर्ष में दोहरे अंकों में बढ़ेगी। खासतौर से यह देखते हुए कि महामारी के बावजूद उद्योग ने वित्त वर्ष 2020–21 में 2–3 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की और सकल आधार पर 1.58 लाख नई नौकरियां दी गईं।

## खेल जगत ने दिलीप कुमार के निधन पर शोक जताया

मुंबई। भारतीय के स्टार खिलाड़ियों ने बुधवार को यहां महान अभिनेता दिलीप कुमार के निधन पर शोक जताया और श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें अतुलनीय प्रतिभा करार दिया। दशकों तक भारतीय सिनेमा पर राज करने वाले दिलीप कुमार का लंबी बीमारी के बाद बुधवार को मुंबई के अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार और उपचार कर रहे डॉक्टरों ने यह जानकारी दी। वह 98 बरस के थे। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट किया, ''भगवान दिलीप कुमार जी की आत्मा को शांति दे। आपकी तरह कभी कोई दूसरा नहीं होगा।''उन्होंने लिखा, ''भारतीय सिनेमा में आपका योगदान अद्वितीय है और आपकी कमी खलेगी। सायरा बानो जी और परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।''पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने सिनेमा पर दिलीप कुमार के असर को बयां करने के लिए उनकी बेहद लोकप्रिय फिल्म मुगल–ए–आजम का डायलोग बोला। उन्होंने लिखा, ''दिलीप कुमार के परिवार के प्रति संवेदनाएं। महान व्यक्ति ने कहा था, 'तकदीरें बदल जाती हैं, जमाना बदल जाता है, मुल्कों की तारीख बदल जाती है, शहंशाह बदल जाते हैं, मगर इस बदलती हुई दुनिया में मोहब्बत जिस इंसान का दामन थाम लेती है, वो इंसान नहीं बदलता।'''खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने भी शोक व्यक्त किया।रीजीजू ने ट्वीट किया, ''हम उनकी शानदार फिल्में देखते हुए बड़े हुए। महान अभिनेता दिलीप कुमार जी के निधन ने हम सभी को दुखी कर दिया है। उनके जाने से भारतीय सिनेमा में बड़ा शून्य पैदा हो गया। उनके परिवार, मित्रों और दुनिया भर में प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।''बैडमिंटन स्टार साइना नेहवाल ने दिलीप कुमार को लीजेंड करार दिया।साइना ने ट्वीट किया, ''हिंदी सिनेमा के लीजेंड... भगवान आपकी आत्मा को शांति दे सर।'' पूर्व भारतीय क्रिकेटरों मदनलाल, हरभजन सिंह और इरफान पठान ने भी दिलीप कुमार के निधन पर शोक जताया। मदनलाल ने ट्वीट किया, ''शानदार अभिनेता, प्रत्येक फिल्म का एक स्तर था। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। ओम शांति।' पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज पठान ने कहा, ''दिलीप साहब के अलावा कोई और ट्रेजेडी किंग नहीं होगा। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे यूसुफ खान साहब। आपकी विरासत हमेशा बरकरार रहे।''पूर्व आफ स्पिनर हरभजन ने लिखा, ''मोहम्मद यूसुफ उर्फ दिलीप कुमार साहब। वह 1940–1960 के दशक के फिल्म जगत के स्वर्णिम युग के आखिरी जीवित सितारों में से एक थे। दिलीप साहब (11 दिसंबर 1982–सात जुलाई 2021) भगवान आपकी आत्मा को शांति दे। ''श्रीलंका दौरे पर भारत की सीमित ओवरों की टीम की अगुआई करने वाले भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने ट्वीट किया, ''दिलीप साहब के निधन से बेहद दुखी हूं। अतुलनीय अभिनेता जिन्होंने भारतीय सिनेमा पर इतना गहरा प्रभाव छोड़ा। आगामी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा।''पाकिस्तानी क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने ट्वीट किया, ''यूसुफ खान साहब के प्रशंसकों के लिए बहुत बड़ी क्षति। वह हमारे दिलों में रहेंगे। सायरा बानो साहिबा को संवेदनाएं।'' ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने ट्वीट किया, ''भगवान यूसुफ साहब की आत्मा को शांति दे।

## संक्षिप्त



### यूरो 2020: डेनमार्क के कोच इंग्लैंड को मिली विवादास्पद पेनल्टी से खफा

लंदन। डेनमार्क के कोच कास्पर जुलमेंड ने कहा है कि उन्हें समझ में नहीं आया कि यूरो फुटबॉल चौम्पियनशिप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को आखिरी क्षणों में उनकी टीम के खिलाफ पेनल्टी किस आधार पर दी गई। अतिरिक्त समय के पहले हाफ मेंरहीम स्टर्लिंग डेनमार्क के डिफेंडर जोकिम माएले से गेंद छीनते समय अपना संतुलन खो बैठे और मथियास यानसेन की चुनौती का सामना करते हुए मैदान पर गिर गए। इसके बाद इंग्लैंड को पेनल्टी दी गई। वीडियो रिव्यू में फैसले को बरकरार रखा गया। हैरी केन की स्पॉट किक बचा ली गई लेकिन उन्होने रिबाउंड पर विजयी गोल दागा। कोच ने कहा ,'' वह पेनल्टी थी ही नहीं। मैं इस फैसले से काफी नाराज हूं।'' इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट ने कहा ,'' इस पर वीडियो रेफरल लिया गया था और जाहिर है कि जांच परख के बाद ही फैसला लिया गया।,

### दिल्ली में भी पेट्रोल ने जड़ा शतक, कीमत 100 रुपये के पार

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को पेट्रोल की कीमत 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गई। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल के दाम 35 पैसे प्रति लीटर और डीजल के दाम 23 पैसे प्रति लीटर बढ़ाए गए हैं। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 100.21 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.53 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और पुणे में पहले ही पेट्रोल की कीमत 100 रुपये प्रति लीटर के पार है।

### वायदा कारोबार में धनिया के भाव अपरिवर्तित

नयी दिल्ली। वायदा कारोबार में बुधवार को धनिया की कीमत 6,502 रुपये प्रति क्विन्टल पर अपरिवर्तित रही। एनसीडीईएक्स में धनिया के जुलाई माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 6,502 रुपये प्रति क्विन्टल थी जिसमें 4,605 लॉट के लिए कारोबार हुआ। धनिया के अगस्त माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत आठ रुपये अथवा 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 6,598 रुपये प्रति क्विन्टल हो गई जिसमें 3,705 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

### कोविड–19: गोवा सरकार असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को एकमुश्त 5,000 रुपये की सहायता देगी

पणजी। गोवा मंत्रिमंडल ने बुधवार को असंगठित क्षेत्रों के ऐसे श्रमिकों को 5,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता देने की योजना को मंजूरी दी, जिन्हें कोविड–19 महामारी के चलते आजीविका खोनी पड़ी है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि इस योजना के दायरे में 25 हजार से 30 हजार लोग शामिल होंगे, जिनकी आजीविका महामारी से प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा, ''एक साधारण फॉर्म भरने के बाद उन्हें 5,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय सहायता दी जाएगी।''उन्होंने कहा कि इस योजना में ऑटो–रिक्शा चालक, टैक्सी ऑपरेटर, विभिन्न पंचायतों में पंजीकृत संविदा कर्मचारी और राज्य समाज कल्याण विभाग के पारंपरिक व्यवसायों के तहत सूचीबद्ध कर्मचारी शामिल होंगे।

### सरकार ने सार्वजनिक उद्यम विभाग को वित्त मंत्रालय के अधीन किया

नयी दिल्ली। सरकार ने अपने महत्वाकांक्षी विनिवेश कार्यक्रम को सुविधाजनक बनाने के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) को वित्त मंत्रालय के तहत किया है। इससे पहले डीपीई भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय का हिस्सा था। कैबिनेट सचिवालय द्वारा छह जुलाई 2021 को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, ''वित्त मंत्रालय में उप–शीर्षक (5) वित्तीय सेवा विभाग के बाद, निम्नलिखित उप–शीर्षक शामिल किया जाएगा– (6) लोक उद्यम विभाग।'' गजट अधिसूचना में कहा गया है कि इन नियमों को भारत सरकार (कार्य का आवंटन) तीन सौ इकसठवां संशोधन नियम, 2021 कहा जा सकता है। इस तरह यह वित्त मंत्रालय के तहत छठा विभाग होगा। यह बदलाव आज दिन में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार से पहले किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2021–22 के अपने बजट में एक बड़े निजीकरण एजेंडे की घोषणा की थी, जिसमें दो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एक सामान्य बीमा कंपनी का निजीकरण शामिल है।इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने और आईडीबीआई बैंक में शेष हिस्सेदारी बेचने का भी प्रस्ताव है। सरकार ने 2021–22 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और वित्तीय संस्थानों में हिस्सेदारी बिक्री से 1.75 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य तय किया है।

### टाटा मोटर्स ने अल्ट्रोज, नेक्सन को शामिल कर डार्क एडिशन का विस्तार किया

नयी दिल्ली। टाटा मोटर्स ने बुधवार को कहा कि उसने देश में अल्ट्रोज, नेक्सॉन और नेक्सॉन ईवी के डार्क एडिशन की पेशकश कर अपनी डार्क रेंज का विस्तार किया है। अल्ट्रोज डार्क रेंज की कीमत 8.71 लाख रुपये है। नेक्सन ट्रिम्स की कीमत 10.41 लाख रुपये से शुरू है, जबकि नेक्सन ईवी की कीमत 15.99 लाख रुपये है। इसके साथ ही टाटा मोटर्स ने हैरियर का एक नया डार्क एडिशन भी पेश किया है, जिसकी शोरूम कीमत 18.04 लाख रुपये से शुरू है। टाटा मोटर्स ने पहली बार अगस्त 2019 में हैरियर का डार्क एडिशन पेश किया था, और तब से उसे इस संस्करण के लिए शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इसके बाद दूसरे मॉडलों को भी इस श्रृंखला से जोड़ा गया। टाटा मोटर्स के यात्री वाहन कारोबार ईकाई (विपणन प्रमुख) विवेक श्रीवास्तव ने पीटीआई–भाषा को बताया कि डार्क श्रृंखला सिर्फ रंग से संबंधित नहीं है।

## सम्पादकीय........

### स्त्रियों के प्रति नजरिये में हो बदलाव

हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री मंदिरा बेदी के पति की मृत्यु के बाद लोगों की प्रतिक्रिया ने समाज की उन सड़ी–गली मान्यताओं को सतह पर लाकर खड़ा कर दिया जिसे तथाकथित सभ्य और शिक्षित समाज बड़ी सहजता से ढककर अपनी छवि आधुनिक बनाने का प्रयास करता है. परंतु जैसे ही वह महिला के स्वरूप को अपने अनुरूप पितृसत्तात्मक व्यवस्था के ढांचे से अलग देखता है, बौखला जाता है. मंदिरा बेदी के कपड़ों पर प्रश्नचिह्न लगाने से लेकर उनका अपने पति के शव को कंधा देना समाज के एक धड़े को इस कदर नागवार गुजरा कि सोशल मीडिया पर अमर्यादित और अनर्गल छींटाकशी शुरू हो गयी. यह बहुत दुखद है कि हम इतने निष्ठुर हैं. हमारी भावनाएं इतनी लक्षित और पूर्वाग्रहों से ग्रसित हैं कि हम स्त्री को सिर्फ और सिर्फ भावनात्मक लबादा ओढ़े देखना चाहते हैं. दरअसल, हम जानते ही नहीं कि परंपराएं अगर स्थिर हो जायें, तो समाज के लिए कष्टकारी हो जाती हैं. हमने स्वयं से कभी यह प्रश्न पूछने का प्रयास ही नहीं किया कि कैसे और क्यों हम इतने अधिकार संपन्न हो गये कि हमने लोगों के दर्द को मापने की दक्षता हासिल कर ली.असल में, हमने यह मान लिया है कि किसी को कुछ भी कह देना हमारी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है. पर क्या कभी यह विचार किया गया कि जब एक शहीद की विधवा अपने पति के शव को कंधा देती है, तो हमारा हृदय द्रवित और गौरवान्वित हो उठता है, फिर किसी और पर कटाक्ष क्यों? यहां देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करनेवाले शहीद की तुलना एक पेशेवर व्यक्ति से कदापि नहीं की जा रही.अपितु, यहां तुलना का भाव मात्र वैधव्य के असहनीय दर्द को उल्लेखित करना है कि यह दर्द वैधव्य पीड़ा पाने वाली हर स्त्री में समान रूप से संचारित होता है. क्या एक अभिनेत्री अपने पति के शव को कंधा इसलिए नहीं दे सकती क्योंकि वह उस दुनिया का हिस्सा है जहां सदैव चकाचौंध बनी रहती है? क्या इस दुनिया में रहने वाले भावहीन हैं?यदि मंदिरा बेदी जींस और टीशर्ट की बजाय कोई पारंपरिक लिबास पहनतीं, तो क्या उनका दर्द उन लोगों को बेहतर तरीके से समझ आता जो उन्हें कपड़ों को लेकर ट्रोल कर रहे हैं. यह कैसी क्रूरता है कि कपड़ों से किसी के दर्द को मापा जा रहा है. हमारी समस्या मंदिरा बेदी नहीं, बल्कि वह कुंठित सोच है जो पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित हो रही है. बिना तथ्यात्मक जानकारी के हर बात को धर्म के नाम पर जपने वाले, भारत की उन महान परंपराओं से तनिक भी परिचित नहीं हैं जो स्त्री को सदैव ही पुरुष के समानांतर स्थान देती आयी है.आधुनिकता को वस्त्रों तक सीमित करने वाला समाज यह जानने और समझने की चेष्टा ही नहीं करता कि आधुनिकता का संबंध विचारों से है. आधुनिकता वह है जहां बिना किसी भेद के सभी को समान अवसर मिले, जो जीवन को विषाद और अवसाद से मुक्त करे. आदिम ग्रंथ के रूप में स्थापित 'वेद' स्त्री को वे सभी अधिकार देते हैं जिन पर आज पुरुष अपना एकाधिकार समझ बैठे हैं. क्या तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग यह कल्पना कर सकते हैं कि हजारों वर्ष पूर्व लिखे वेदों में विधवा विवाह का उल्लेख है, जिसे आधुनिक और सभ्य समाज धर्म के नाम पर आज भी नकारने की चेष्टा करता है. ऋग्वेद में स्पष्ट उल्लिखित है, श्उदीर्ष्व नार्यस्तु जीवों गतासुमीतमुप शेष एहि. हस्तग्राभस्य दिधिषोस्तवेदं पत्युर्जनत्वमभि सं बभूव.श अर्थात, हे! विधवा नारी, जो चला गया उस मृत पति को छोड़कर उठ और जीवितों के लोक के पति को प्राप्त कर।

## आज का राशिफल

मेष :– अच्छी भावनात्मक अभिब्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति रहेगी।

बृषभ :– कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर अपने मनोबल पर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

मिथुन :– किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में आ रही समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता बरतें।

कर्क :– किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता जैसी स्थिति न बनने दें। आवेश में लिया गये निर्णय से कष्ट संभव।

सिंह :– रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे परन्तु आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। राजनीति से जुड़े लोगों की व्यस्तता बढ़ेगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

कन्या :– आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। इसलिए समय का इंतजार करें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

तुला :– बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। निर्थक दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। घर में खुशहाली रहेगी।

वृश्चिक :– नैतिक–अनैतिक आदि के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होंगे। नये कार्यो के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

धनु :– नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। दूसरों की बात इधर से उधर करना अशोभनीय है। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी। परिवार में खुशहली स्थिति रहेगी।

मकर :– रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे।

कुंभ :– विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

मीन :– आर्थिक प्रगति के लिए मन में नयी–नयी युक्तियां उत्पन्न होंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

# आत्मनिर्भरता से दूर होगी असमानता

**डॉ अश्विनी महाजन**

*यदि सभी 2,755 अरबपतियों की परिसंपत्तियों को देखा जाये तो, वे 2021 में 13,100 अरब डॉलर हैं जो 2020 में (2092 अरबपति) 8,000 अरब डॉलर ही थी, यानी कोरोना के एक वर्ष में 5,000 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है.एक अन्य महत्वपूर्ण तथ्य ध्यान में आ रहा है कि इस कोरोना काल में ही दवाओं और वैक्सीन की बढ़ती मांग और ऊंची कीमतों के चलते कई लोग अब अरबपतियों की सूची में शामिल हो गये हैं और पहले से ही अमीर कंपनियां और अधिक अमीर हो चुकी हैं 'पीपुल्स वैक्सीन एलायंस' नामक संगठनों के गठजोड़ का कहना है कि कोरोना काल के दौरान नौ नये अरबपतियों का उदय हुआ है, जिनकी परिसंपत्तियां 19.3 अरब डॉलर है.इसी दौरान सभी फार्मा कंपनियों की परिसंपत्तियां 32.2 अरब डॉलर बढ़ गयी हैं यानी कहा जा सकता है कि जहां कोरोना काल के दौरान आम जन रोजगार खो रहे हैं लोगों में गरीबी बढ़ती जा रही है।*

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने देश में बढ़ती असमानताओं को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की है. कोरोना महामारी की पहली लहर के प्रभावों से बाहर आने के प्रयासों में जो आर्थिक बेहतरी आयी है, उसके लाभ अत्यंत असमान रूप से मिल रहे हैं. इस रिकवरी में ज्यादा फायदा अमीरों को हो रहा है, जिसके कारण अमीर और गरीब के बीच की खाई और अधिक बढ़ रही है. यह नैतिक रूप से ही सही नहीं, बल्कि राजनीतिक रूप से भी ज्वलनकारी है. सुब्बाराव का कहना है कि एक ओर अर्थव्यवस्था में महामारी के कारण भयंकर उथल–पुथल हो रही है, तो दूसरी ओर ज्यादा लाभ कमाने के लालच में विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा निवेश हो रहा है. इसकी आवक के चलते शेयर बाजार बढ़ते जा रहे हैं, यानी कहा जा सकता है कि आज बढ़ते शेयर बाजारों का अर्थव्यवस्था के साथ कोई संबंध नहीं है. शेयर बाजारों की उछाल विशुद्ध रूप से सट्टेबाजी का ही परिणाम है.आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने चिंता व्यक्त की है कि कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के चलते रोजगार के अवसर पुनः घटने लगे हैं, लेकिन अमीरों की संपत्ति बढ़ने की प्रक्रिया बदस्तूर जारी है. गरीबों की आमदनी बाधित होने के मद्देनजर आर्थिक संवृद्धि की संभावनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है.गौरतलब है कि फोर्ब्स पत्रिका के अनुसार, भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की संपत्तियां पिछले वर्ष (2020) से 14 प्रतिशत बढ़कर 2021 में 517.5 अरब डॉलर पहुंच चुकी हैं. यहां समझना जरूरी है कि ये असमानताएं केवल भारत में ही नहीं, बल्कि शेष विश्व में भी बढ़ रही हैं. ये पूरी दुनिया में चिंता का सबब बन रही हैं. कोरोना संक्रमण की पिछले एक वर्ष की अवधि में दुनियाभर में अरबपतियों की संख्या 493 बढ़ गयी. गौर करनेवाली बात है कि फोर्ब्स पत्रिका की परिभाषा के अनुसार अरबपति उसे कहा जाता है, जिसकी परिसंपत्तियां एक अरब डॉलर से ज्यादा होती हैं.अरबपतियों की संख्या में यह अभी तक की सबसे बड़ी छलांग है. यदि सभी 2,755 अरबपतियों की परिसंपत्तियों को देखा जाये तो, वे 2021 में 13,100 अरब डॉलर हैं, जो 2020 में (2092 अरबपति) 8,000 अरब डॉलर ही थी, यानी कोरोना के एक वर्ष में 5,000 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है.एक अन्य महत्वपूर्ण तथ्य ध्यान में आ रहा है कि इस कोरोना काल में ही दवाओं और वैक्सीन की बढ़ती मांग और ऊंची कीमतों के चलते कई लोग अब अरबपतियों की सूची में शामिल हो गये हैं और पहले से ही अमीर कंपनियां और अधिक अमीर हो चुकी हैं. 'पीपुल्स वैक्सीन एलायंस' नामक संगठनों के गठजोड़ का कहना है कि कोरोना काल के दौरान नौ नये अरबपतियों का उदय हुआ है, जिनकी परिसंपत्तियां 19.3 अरब डॉलर है.इसी दौरान सभी फार्मा कंपनियों की परिसंपत्तियां 32.2 अरब डॉलर बढ़ गयी हैं, यानी कहा जा सकता है कि जहां कोरोना काल के दौरान आम जन रोजगार खो रहे हैं, लोगों में गरीबी बढ़ती जा रही है, तो वहीं अमीरों की बढ़ती अमीरी दुनिया में स्वभाविक रूप से असमानताएं बढ़ाने वाली हैं. पिछले समय में सभी विकासशील देशों के लोगों की मेहनत, नयी प्रौद्योगिकी और सरकारों द्वारा कल्याणकारी नीतियों के चलते मानव विकास सूचकांक में लगातार सुधार हो रहे थे. प्रति व्यक्ति आय, शिक्षा सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं, सभी में अभूतपूर्व प्रगति देखने को मिल रही थी. लेकिन कोरोना काल में उन सभी प्रक्रियाओं पर लगभग विराम लग चुका है. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 1990 में जब मानव विकास सूचकांक की अवधारणा विकसित हुई थी, तब से वर्ष 2020 में पहली बार अधिकांश देशों में मानव विकास सूचकांक में गिरावट आने की आशंका है. वैश्विक प्रति व्यक्ति आय चार प्रतिशत की दर से कम होने की आशंका है और जैसा कि विश्व बैंक ने कहा है, चार से छह करोड़ अतिरिक्त लोग भीषण गरीबी से ग्रस्त हो जायेंगे. गरीबी का अधिक प्रकोप अफ्रीकी देशों और एशियाई देशों पर होगा.अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आइएलओ) का कहना है कि आधे से ज्यादा कार्यशील लोग रोजगार खो सकते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था को 10 खरब डॉलर का नुकसान अपेक्षित है. विश्व खाद्य कार्यक्रम का कहना है कि यदि उसके लिए कोई कदम नहीं उठाया गया, तो दो करोड़ 65 लाख लोग भुखमरी का शिकार हो सकते हैं. इस संगठन का मानना है कि अकेले भारत में ही चार करोड़ लोग गरीबी की ओर खिसक सकते हैं, क्योंकि भारत में अधिकांश लोग असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं. भारत में करोड़ों लोगों के लिए रोजगार की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है.कहा जा सकता है कि घटते रोजगार, रोजगार से बाहर होते लोग, घटती आमदनी और बीमारी के भार के कारण गरीबी का आपात भी तेजी से बढ़ रहा है. ऐसे में भारत सरकार द्वारा गांवों में रोजगार सृजन के प्रयास, पहली लहर के दौरान 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और दूसरी लहर के दौरान उसकी पुनरावृत्ति के कारण अपने देश में गरीबी की आशंकाओं को कुछ हद तक कम किया गया, लेकिन यह सामान्य हालातों का विकल्प नहीं हो सकता.




अब सवाल उठता है कि इन परिस्थितियों में क्या समाधान हो सकते हैं. कोरोना से उत्पन्न इस भीषण गरीबी, बेरोजगारी, असमानताएं, स्वास्थ्य संकट आदि से निपटने के लिए सामान्य नहीं कुछ विशेष प्रयास करने होंगे. आनेवाले समय में विदेशों पर निर्भर रह कर हम पूर्व की भांति आयातों को बदस्तूर जारी नहीं रख सकते. गरीबी दूर करने की पहली शर्त है रोजगार सृजन. रोजगार सृजन की शर्त है देश में रोजगार उन्मुख प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पादन सुनिश्चित किया जाये. रोजगार मिलेगा, तो गरीबों की आमदनी बढ़ेगी और असमानताएं स्वमेव घटनी शुरू हो जायेंगी. समझना होगा कि आमजन के कल्याण का रास्ता गांवों की तरक्की, रोजगार, विकेंद्रीकरण यानी यूं कहें कि आत्मनिर्भरता से होकर निकलता है. बढ़ती असमानताओं से निपटने का यही कारगर मार्ग हैद्द

# दिलीप कुमार का जाना एक सपने का ध्वस्त होना

**डॉ. अनंत श्रीमाली, मुंबई**

भारतीय फिल्मों के जन्मदाता दादा साहब फालके ने जब 1913 में हिंदुस्तान की पहली स्वदेशी कथा फिल्म राजा हरिश्चन्द्र बनाई थी तो वे स्वयं तो इतिहास रच ही रहे थे, उन्हें इस बात का जरा भी भान नहीं रहा होगा कि इस सुनहरे परदे के माध्यम से वे कई किवदंतियां भी रच रहे हैं । ऐसी ही एक किंवदंती का नाम–दिलीप कुमार है। ऐसे कलाकार सदियों–सदियों में जन्म लेते हैं। 50 साल पहले, जब मैं खंडवा में स्कूल में पढ़ता था तब भी दिलीप साहब के लिए कहा जाता था कि वे अभिनय का विश्वविद्यालय हैं और आज जब बांद्रा, मुंबई के हिंदूजा हास्पिटल में सुबह 7.30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली, उसके बाद सोशल मीडिया पर वही 50 साल पहले वाली पंक्तियां दोहराई जा रही हैं कि वे अभिनय के इंस्टीट्यूट थे। ऐसी खुशनसीबी बहुत कम कलाकारों के हिस्से में आती है। तभी मुंबई की हमारी सबसे पुरानी साहित्यिक–फिल्मी संस्था आशीर्वाद के एक समारोह में शत्रुघ्न सिन्हा ने बिलकुल ठीक कहा था कि हम पूना फिल्म संस्थान से आए हैं और दिलीप कुमार स्वयं में अभिनय के संस्थान है और यह सुनकर दिलीप साहब ने बेहद खूबसूरत हास्य का पोज दिया था। इसी कार्यक्रम में अंग्रेजी कार्यक्रमों की सुप्रसिद्ध संचालक रूबी भाटिया ने कहा था कि मेरी बहुत इच्छा है कि मुझे दिलीप साहब जैसा पति मिले, और साथ में यह भी जोड़ा था कि ये बात आप मेरे पति से न कहें तब चुटकी लेते हुए दिलीप साहब ने कहा था कि संयोग से मेरी पत्नी यहां नहीं है और सभागार ठहाकों से गूँज उठा था । इस घटना का जिक्र इसलिए कि देवदास जैसी अधिकांश फिल्में करने के बाद कहते हैं कि वे निजी जीवन में भी अवसाद में चले गए थे, जबकि ये पूर्णतः सत्य नहीं है। वे सबसे, विशेषकर अपने प्रशंसकों से बहुत खुलकर, मुस्कुराते हुए मिलते थे। मुंबई के पॉश इलाके हीरानंदानी, पवई की घटना है।दिलीप साहब और सायरा जी सुबह सुबह घूमने निकले थे तब उनके एक प्रशंसक मिले। तब मोबाइल नहीं होता था। प्रशंसक ने कहा कि क्या आप थोड़ी देर रूक सकते हैं, मैं अपने घर से कैमरा लेकर आता हूँ। प्रशंसक कैमरा लेकर आया तब तक दिलीप साहब ने उनका इंतजार किया और खूब सारी तसवीरें खिंचवाई। ऐसे थे दिलीप साहब। पचास वर्ष तक फिल्मों में अपना परचम फहराने वाले दिलीप साहब के व्यक्तित्व और उनके अभिनय पर लाखों पन्ने लिखे जा चुके हैं । अब लिखने के लिए क्या बाकी है लेकिन जैसे आज भी दिलीप साहब की फिल्मों को देखें, तो हर बार एक नये किरदार में नजर आते हैं। वैसे ही, उन पर जितना लिखा जाए कम है। आज के नामचीन कलाकारों पर, जब ये आरोप लगाए जाते हैं कि वे दिलीप कुमार के अभिनय की नकल करते हैं तो वे कलाकार भी सहज रूप से कहते हैं कि उनकी नकल कर लेना भी हमारा सौभाग्य है। ये बड़प्पन और ये उदारता फिल्मी दुनिया में बहुत कम देखने को मिलती है पर दिलीप साहब इसके अपवाद रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने एक बार कहा था कि यदि कोई फिल्म कलाकार ये कहे कि वे दिलीप कुमार के अभिनय से प्रभावित नहीं है तो वे निश्चित रूप से झूठ बोलते हैं तभी तो सदी के सर्वश्रेष्ठ महानायक ने दिलीप साहब को दादा साहब फालके सम्मान मिलने पर लिखा थाकृदिलीप कुमार उत्तम नहीं, सर्वोत्तम हैं। वे ताउम्र 24 कैरेट के ऐसे कलाकार रहे कि हर बार सोने की तरह चमककर, दमककर, निखरकर दर्शकों के सामने आते रहे। उनका जीवन भी अपनी पहली फिल्म श्ज्वार भाटाश की तरह ही रहा। अभी के पाकिस्तान के पेशावर में 11 दिसंबर, 1922 को जन्मे यूनुस खान किशोर उम्र में ही घर से भागकर पूना आ गए, जहॉ सैनिक कैंटीन में सब्जियॉ साफ करने का काम करने लगे। कुछ पैसा इकत्र्ठा होने पर मंडी से टोकना भर फल लाकर फुटपाथ पर बेचते थे । बाद में वे बंबई (अब का मुंबई) आ गए। उस समय बॉम्बे टॉकीज के नायक अशोक कुमार उसे छोड़ चुके थे तभी बॉम्बे टॉकीज की मालकिन देविका रानी की नजर दिलीप कुमार पर पड़ी और उन्होंने ज्वार भाटा में (1944) नायक का किरदार देकर नौकरी पर रख लिया पर उन्हें उनका यूसुफ खान नाम बिलकुल नहीं भाया तब उन्होंने उन्हें जहॉगीर, वासुदेव और दिलीप कुमार में से कोई एक नाम रखने के लिए कहा और यूसुफ दिलीप कुमार हो गए। उसी दौरान उनकी फिल्म श्प्रतिभाश (1945) आई। प्रतिभा भी ज्वार–भाटे की तरह ही रही और उन्हें प्रतिभा से कुछ विशेष लाभ नहीं हुआ। बॉम्बे टाकीज की किस्मत की तरह दिलीप साहब की ज्वार भाटा सफल नहीं रही। उनकी थोड़ी प्रतिभा निखरी 1945 में नितिन बोस की फिल्म श्मिलनश और शशधर मुखर्जी की फिल्म शहीद में कामिनी कौशल के साथ। इस फिल्म के गीत वतन की राह में वतन के नौजवां शहीद हो को देखकर तो दर्शक सिनेमा हॉल में सुबकते देखे गए। शहीद के बाद 1948 में बनी मेला ने उन्हें सफलता दिलाई। 1949 में महबूब खान ने उन्हें अंदाज में मौका दिया, जिसमें राज कपूर और नरगिस भी थे। अंदाज सुपर–डुपर रही पर दिलीप साहब के साथ ट्रेजडी किंग का लेबल चस्पा हो गया क्योंकि फुटपाथ, शिकस्त, बाबुल, उड़न खटोला जैसी फिल्मों के दुखांत रोल उन्होंने किए। मजे की बात ये रही कि 1951 की दीदार और 1955 की देवदास में ट्रेजेडी के रोल को भी दर्शकों ने बहुत सराहा। बताते हैं कि दुखांत अभिनय ने उनके जीवन में सूराख बना लिया जिससे उन्हें मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों की सलाह लेनी पड़ी। डॉक्टरों की राय थी कि अब ऐसे रोल न करें। तब उन्होंने महबूब खां की पहली रंगीन फिल्म आन में अलग तरह का अभिनय किया और इस तरह वे दुखांत से मुक्त होकर अलग–अलग तरह की भूमिकाएं करने लगे। हालांकि फिल्में और दर्शक दोनों भेड़चाल से प्रभावित होते हैं। संभवतः दर्शक उनसे दुखांत रोल और अंत में मरने वाले श्सीनश की अपेक्षा करने लगे लेकिन जब दिलीप साहब ने मुगल–ए–आजम में शहजादे सलीम की यादगार फिल्म की तब जाकर उनके प्रशंसकों ने उनके अन्य किरदारों का लोहा माना । फिर तो दिलीप साहब ने बहुविध भूमिकाओं की चुनौती को स्वीकार कर आजाद (1955), नया दौर, मधुमती, कोहिनूर(1960), लीडर (1965), राम और याम जैसी हल्की–फुल्की, हास्य, एक्शन, मारधाड़ वाली फिल्मों में अपने को साबित कर दिखाया जिसने उनकी झोली में श्फिल्म फेअरश जैसे कई पुरस्कार डाल दिए । 1963 में उन्होंने श्गंगा जमुनाश में अपने स्वभाव के विपरीत डाकू का रोल ऐसा किया कि इसे श्फिल्म फेअरश का पुरस्कार मिल गया । बताते हैं कि भारतीय हिंदी फिल्मों में श्डाकूओंश की शुरुआत इसी फिल्म से हुई । फिर तो इसे कई फिल्मों में दोहराया गया और वे जबर्दस्त हिट भी रही । इस फिल्म में उनके छोटे भाई नासिर खाने ने भी काम किया था । इस फिल्म में उनका अभिनय हॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक डेविड लीन को इतनापसंद आया कि वे अपनी फिल्म लारेंस ऑफ अरेबिया (1962) में अभिनय का प्रस्ताव लेकर खुद भारत आए थे। बताते हैं कि इस फिल्म में दिलीप साहब ने काम करने से इनकार कर दिया। उन्हें जो भूमिका दी जा रही थी, वह बाद में मिस्र के अभिनेता ओमर शरीफ को दी गई, जो इस फिल्म के बाद हॉलीवुड फिल्मों के ख्यातिप्राप्त कलाकार बन गए। वे आलोचनाओं के शिकार इसलिए भी रहे कि यदि वे इस फिल्म में काम करना स्वीकार कर लेते तो भारतीय कलाकारों, फिल्मकारों के लिए हॉलीवुड में प्रवेश आसान हो जाता। इसके बाद विश्व प्रसिद्ध फिल्मकार हंगेरियन निर्माता निर्देशक अलेक्जेंडर कोर्डा भी दिलीप साहब से फिल्म बनाने के लिए मिले पर यह योजना साकार नहीं हो सकी। गंगा जुमना के साथ ट्रेजडी ये हुई कि इस पुरस्कार प्राप्त फिल्म को सेंसर बोर्ड ने लगभग एक साल तक प्रमाण–पत्र नहीं दिया क्योंकि इस फिल्म में डाकूओं द्वारा रेल को लूटना बताया गया था, बोर्ड के सदस्यों का मानना था कि इससे डाकूओं को रेल लूटने का नया आइडिया मिलेगा । इस फिल्म में नायक (डाकू) मरते समय हे राम कहता है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी ने अंतिम समय ये शब्द कहे थे। ये बात सेंसर बोर्ड हजम नहीं कर पा रहा था । प्रसिद्ध फिल्म पत्रकार हेमचंद पहारे एक लेख में लिखते हैं कि इस समस्या को गांधीवादी नेता मोरारजी देसाई ने ही हल किया।



# सत्यनारायण की कथा में कार्तिक आर्यन के साथ दिखेंगी श्रद्धा कपूर

बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता कार्तिक आर्यन पिछले कुछ दिनों से साजिद नाडियाडवाला की फिल्म सत्यनारायण की कथा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में कार्तिक इस फिल्म का हिस्सा बने हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि कार्तिक की इस फिल्म में उनके साथ चर्चित अभिनेत्री श्रद्धा कपूर भी नजर आएंगी। खबरों की मानें तो फिल्म में कार्तिक और श्रद्धा के बीच जबरदस्त रोमांस देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट की मानें तो साजिद इस फिल्म में श्रद्धा को कार्तिक के अपोजिट भूमिका में कास्ट कर सकते हैं। एक सूत्र ने बताया, साजिद ने पहले ही अपनी पसंदीदा अभिनेत्री श्रद्धा को इस फिल्म में शामिल करने का विचार किया है। अभिनेत्री को फिल्म का आइडिया बहुत पसंद आया है। वास्तव में उन्होंने फिल्म में शामिल होने के लिए अपनी सहमति भी दे दी है। हालांकि, अभी केवल मौखिक तौर पर ही बातचीत चली है। सूत्र ने बताया कि फिलहाल श्रद्धा आधिकारिक तौर पर इस फिल्म से नहीं जुड़ी हैं। बताया जा रहा है कि श्रद्धा फिल्म के लिए पहली पसंद हैं। उन्हें इस रोल के लिए परफेक्ट माना जा रहा है क्योंकि कार्तिक और श्रद्धा एक फ्रेश जोड़ी के रूप में फिल्म में शामिल होंगे। सूत्र ने बताया कि इन दोनों की जोड़ी पर्दे पर बहुत खूबसूरत लगेगी। फिल्म कार्तिक की भूमिका के इर्दगिर्द होगी, लेकिन इसमें श्रद्धा भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। यह श्रद्धा और कार्तिक की पहली फिल्म होगी, जिसमें वे एक साथ काम करेंगे। पहले भी इन दोनों को एक फिल्म के लिए दिनेश विजान ने अप्रोच किया था, लेकिन अंततरू बात नहीं बन पायी। कार्तिक ने हाल में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर सत्यनारायण की कथा की घोषणा की थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था, मेरे दिल के करीब एक कहानी। सत्यनारायण की कथा.. खास लोगों के साथ एक खास फिल्म। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी पर आधारित फिल्म होगी। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और मराठी सिनेमा के जाने–माने निर्देशक समीर विद्वांस इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाल रहे हैं। बता दें कि समीर पहली बार किसी बॉलीवुड फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। हाल में साजिद ने कहा था कि वह बेहतरीन निर्देशक समीर और प्रतिभाशाली कार्तिक के साथ पहली बार काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। फिलहाल फिल्म के प्री–प्रोडक्शन का काम चल रहा है। श्रद्धा इस साल अपनी फिल्म स्त्री 2 में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव दिखेंगे। वह फिल्म नागिन को लेकर भी काफी समय से सुर्खियों में बनी हुई हैं। वह लव रंजन की आगामी फिल्म में भी दिखेंगी। कार्तिक अनीस बाज्मी की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 2 में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह कियारा आडवाणी के साथ अभिनय करते दिखेंगे। वह साउथ के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म आला वैकुंठापुरामुलू की हिन्दी रीमेक में भी दिखेंगे।

# खुशी कपूर ने रेड आउटफिट में शेयर कीं अपनी ग्लैमरस तस्वीरें



बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर की सोशल मीडिया पर अच्छी खास फैन फॉलोविंग है। वो आए दिन अपनी गजब की तस्वीरें शेयर करते रहती हैं। जिसे फैंस जमकर पसंद करते हैं। सोमवार सुबह जान्हवी इंस्टाग्राम पर बेहद ही हॉट फोटो शेयर की। जिसमें उनका कातिल लुक सभी का दिल जीत रहा है। ऐसे में जान्हवी कपूर की बहन खुशी कपूर ने भी सोशल मीडिया पर बेहद ही ग्लैमरस फोटोशूट शेयर किया है। जिसमें खुशी का लुक देखने लायक है। इस फोटोशूट में खुशी की खुशी देखते बन रही है। उन्होंने रेड कलर की ड्रेस में फोटो शूट करवाया है। खुशी का ऐसा अवतार अब सभी दिल जीत रहा है। खुशी कपूर का ये फोटो शूट 80 के दशक से इंस्पायर्ड है। खुशी के इस फोटोशूट को तमाम सितारों से ढेर सारा प्यार मिल रहा है। नव्या नंदा नवेली और शनाया कपूर ने भी ढेर सारा प्यार दिखाया है। आपको बता दे कि खुशी भी बहन जान्हवी कपूर की तरह बॉलीवुड में एंट्री करना चाहती है। जिसके लिए उन्होंने तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि खबर है कि जान्हवी बॉलीवुड की बजाए साउथ की फिल्म से डेब्यू कर सकती हैं।

# पर्सेफोन गर्ल बनीं जैकलीन फर्नांडीज



जैकलीन ने सोशल मीडिया पर दो तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह बेज वी–नेक क्रॉप–टॉप और पैंट अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने सोशल मीडिया पर खुद को पर्सेफोन गर्ल बताते हुए एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। जैकलीन ने सोशल मीडिया पर दो तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह बेज वी–नेक क्रॉप–टॉप और पैंट पहने नजर आ रही हैं। कैमरे के लिए एक्ट्रेस मुस्कुराती नजर आ रही हैं। पर्सेफोन गर्ल उन्होंने फोटो को कैप्शन दिया, जिसे वर्तमान में सोशल मीडिया पर एक मिलियन बार देखा गया है। अपने काम के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने हाल ही में रैपर बादशाह और गायिका आस्था गिल के संगीत वीडियो पानी पानी में अभिनय किया है। जैकलीन का इस समय पैक्ड शेड्यूल है। उनके पास अक्षय कुमार के साथ राम सेतु और बच्चन पांडे, सलमान खान के साथ किक 2, रणवीर सिंह के साथ सर्कस और मल्टी–स्टार कास्ट हॉरर कॉमेडी भूत पुलिस है।

# ब्लैक रिवीलिंग ड्रेस में ग्लैमरस दिखीं आयशा शर्मा









जॉन अब्राहम की सुपरहिट फिल्म सत्यमेव जयते और शिवम जैसी कुछ चुनिंदा फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेर चुकी आयशा शर्मा इन दिनों अपनी हॉट लुक की वजह से खबरों में हैं।

## गोला ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख निर्विरोध होना तय

**– कुसमावती देवी पत्नी उमाकांत ने दाखिल किया पर्चा**

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। जनपद के दक्षिणांचल में स्थित ब्लॉक गोला मुख्यालय पर चुनाव आयोग के निर्देश पर गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख पद का पर्चा दाखिला समपन्न हुआ ।जिसमें मात्र एक प्रत्याशी भा ज पा द्वारा घोषित कुसमावती पत्नी उमा कांत ने भा ज पा के पदाधिकारियों के साथ ब्लॉक मुख्यालय पर पहुच कर अपना पर्चा दाखिल किया । गोला ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख पद पर मात्र एक पर्चा दाखिल होने से आज ही निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख बनना तय हो चुका है ।प्राप्त बिबरण के अनुसार बुधवार को गोला ब्लॉक पर ब्लॉक प्रमुख पद के लिए मात्र दो पर्चे बिक्री हुए थे ।दोनो पर्चे कुसमावती देवी द्वारा लिए गए थे ।दूसरा कोई भी किसी भी दल का पर्चा नही लिया था। गोला ब्लॉक पर ब्लॉक प्रमुख पद का चुनाव चुनाव अधिकारी अरुण कुमार सिंह की देखरेख में सम्पन्न हो रहा है ।ब्लॉक की तरफ सकुशल शांति पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए ए डी ओ पंचायत शैलेश कुमार राय अपने ब्लॉक कर्मचारियों के साथ लगे रहे। हुए है। ब्लॉक पर शांति ब्यवस्था में एस एच ओ गोला सुबोध कुमार अपने पूरे पुलिस कर्मियों के साथ उपस्थित थे।

## शांति माहौल में विकास खण्ड खजनी में हुआ पर्चा दाखिला

**– भाजपा सहित विपक्ष ने भी किया पर्चा दाखिला**

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। खजनी विकास खण्ड में ब्लाक प्रमुख प्रत्यासी के शान्तिमय माहौल में पर्चा दाखिला किया गया प्रभारी अजय कुमार मौर्य के नेतृत्व मे सुरक्षा का पुरा इंजमाम रहा निडर व निर्भीक होकर उम्मीदवार ने पर्चा दाखिला किया । भाजपा प्रत्यासी अंशु सिंह पत्नी स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह ,समर्थक प्रस्तावक के साथ दाखिला की वहीं ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी रंजना सिंह, अमित सिंह की माताजी उर्मिला सिंह, रीता सिंह मंजू सिंह, रिंकू सिंह यह लोग रहे प्रस्तावक रहे अमित सिंह मंझरिया के साथ लोग आए आदित्य प्रताप सिंह, सुमित सिंह अमित सिंह पवन सिंह रोशन सिंह के साथ गेट के बाहर कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## गोरखपुर जिले के बेलघाट प्रमुख चुनाव को लेकर के सपाइयों का पथराव से कई पुलिस के जवान घायल

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। प्रमुख चुनाव को लेकर के जहां पर्चा दाखिला हो रहा था पर्चा दाखिला के दौरान भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार पूजा सिंह पत्नी शिव प्रकाश कौशिक का पर्चा दाखिला हो गया था उसके उपरांत समाजवादी पार्टी के शकुंतला देवी पत्नी राम दरस यादव के समर्थक सहित पुलिस प्रशासन पर धावा बोल दिया। कई पुलिसकर्मी घायल है

सभी प्रत्याशियों का हुआ नामांकन।

भारतीय जनता पार्टी के पूजा सिंह पत्नी शिव प्रकाश कौशिक वहीं समाजवादी पार्टी के शकुंतला देवी पत्नी राम दरस के साथ–साथ दो निर्दल प्रत्याशी भी किए नामांकन। नामांकन की प्रक्रिया हुई पूर्ण।

टोटल 4 प्रत्याशियों का हुआ नामांकन।

## बृजमनगंज पुलिस ने जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज । पुलिस अधीक्षक महाराजगंज एवं फरेंदा सीओ के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण बनाए रखने हेतु बृजमनगंज थाना क्षेत्र पुलिस द्वारा संबंधित मुकदमा संख्या 163 ध्41 धारा 3 ध 10 गुंडा नियंत्रण अधिनियम थाना बृजमनगंज जनपद महाराजगंज से संबंधित जिला बदर अभियुक्त निसार अहमद पुत्र इस्माइल निवासी सौरहा थाना बृजमनगंज महाराजगंज को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया इसे गिरफ्तार करने वाली टीम उपनिरीक्षक उमाकांत सरोज हेड कांस्टेबल सुशील उपाध्याय कांस्टेबल विनोद कुमार उपस्थित रहे।

## वृक्षारोपण को लेकर विद्युत उपकेंद्र तमकुही राज को वन विभाग ने उपलब्ध कराया था पौधा

**– विद्युत उपकेंद्र पर आज भी वैसे ही पड़े हैं पौधे**

**– विद्युत विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों ने वृक्षारोपण की खानापूर्ति की**

अमिटरेखा – कृष्णा यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश सरकार वृक्षारोपण को लेकर रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया था तथा स्कूल सभी सरकारी विभागों को वन विभाग के तरफ से पौधारोपण करने के लिए वृक्ष उपलब्ध कराया था इसी दरमियान विद्युत उपकेंद्र तमकुही राज पर भी पौधा उपलब्ध कराए गए थे परंतु स्थानीय विभाग के द्वारा स्थानीय अधिकारी सरकार के फरमान को गंभीरता से नहीं दिए जिसका परिणाम हुआ कि अधीनस्थ कर्मचारियों ने केवल खानापूर्ति कर 1–2 पौधे लगाकर कागजों में मनमानी दर्शाए, अपने कारनामों को लेकर विद्युत विभाग उप केंद्र तमकुही राज हमेशा चर्चा में रहा है। लगभग 1 सप्ताह से विद्युत उपकेंद्र तमकुही राज में वन विभाग द्वारा दिए गए पौधे सुरक्षित रखे गए हैं, जो कार्यालय की शोभा बढ़ा रहे हैं। समय रहते इन वृक्षों का रोपण नहीं कराया जा सका ,इससे बड़ी जिम्मेदारी और क्या हो सकती, आये दिन विभाग चर्चा में रहत है।

## दुबई में टैक्सी चलाने वाले एक शख्स रंजीत सोमराजन को 40 करोड़ की लगी लॉटरी

अमिटरेखा – कृष्णा यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। केरल प्रदेश का कोल्लम जिले के मूलनिवासी रंजीत सोमराजन विदेश कमाने के लिए दुबई गया था वहां टैक्सी चलाने का कार्य मिला टैक्सी चलाकर अपनी दिनचर्या तथा परिवार का पालन पोषण करता था किसी व्यक्ति की देखा देखी उसने एक लॉटरी कटाई किस्मत में उसका साथ दिया लॉटरी उसकी निकली उसके भाग्य में 40करोड का प्रथम पुरस्कार मिला जिस को पाकर रंजीत बहुत खुश हुआ तथा अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को इस खूब खुशखबरी की बधाई संदेश भेजे लगातार उसके पास कॉल आ जा रही है यह है किस्मत का खेल कब किसको क्या मिलेगा यह मुकद्दर की बात है। उन्हें लॉटरी में प्रथम पुरस्कार मिला है. रंजीत केरल के कोल्लम के मूल निवासी हैं. रंजीत ने बताया कि उसने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन वह जैकपॉट जीतेगा. अब सोमराजन के पास लगातार उनके दोस्तों और रिश्तेदारों के बधाई संदेश और कॉल आ रहे हैं।

## मानवता की आवाज बनकर काम करेगी अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी

अमित रेखा प्रतापगढ़ ब्यूरो

प्रतापगढ़, पट्टीअखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी समाज के हर गरीब जरूरतमंद बेबस लाचार लोगों की रक्षा और उनके हक के लिए उनकी आवाज बुलंद करेगी साथ ही साथ मानवता को और भी विस्तृत करने के साथ–साथ हर वर्ग और हर तबके को न्याय दिलाने के लिए हमारी पार्टी प्रयास करेगी उक्त बातें अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी संस्थापक ध्संरक्षक पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष पं श्याम नारायण चौबे जी ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव पं वीरेन्द्र मिश्र विरही जी ने पट्टी तहसील में पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं उन्होंने कहा कि आज के दौर में लोग मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं राजनीतिक दल उन समस्याओं को नजरअंदाज कर अपने स्वार्थ सिद्ध में सत्ता की लालच में लगे हुए हैं इसलिए जनता की मांग पर हमने अखिल भारतीय सर्वजन हित पार्टी की स्थापना की है जो कि देश व प्रदेश में चुनाव लड़ कर जनादेश हासिल कर लोगों की जन आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी पार्टी के प्रदेश प्रभारी पंडित प्रवीण मिश्रा ने कहा कि गरीब ब्राह्मण सहित सवर्णों के लिए किसी भी सरकार ने किसी प्रकार की कोई योजना नहीं लागू किया है, न्याय से वंचित वह बदले की भावना से प्रताड़ित किए जा रहे ब्राह्मण समाज के लिए या पार्टी प्राथमिकता के साथ कार्य करेंगी भविष्य में युवाओं और महिलाओं को रोजगार से जोड़ना देश के देवता किसानों मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए हम हमेशा संघर्ष करते हुए लोगों की भावनाओं का संरक्षण करेंगे । कार्यक्रम का संयोजन प्रदेश प्रभारी प्रवीण मिश्रा ने किया कार्यक्रम में पट्टी तहसील के एक दर्जन से अधिक पत्रकारों को अंगवस्त्रम कलम और डायरी देकर उन्हें सम्मानित किया गया। सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता तिवारी ने किया विभिन्न अस्पतालों का निरीक्षण

**– जनपद में एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत आगमन पर सर्किट हाउस में हुआ स्वागत**

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता तिवारी द्वारा आज रविन्दरनगर धुस स्थित सर्किट हाउस में जनपद के विभिन्न मामलों से सम्बंधित पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को एक–एक कर सुना गया तथा प्रभावी कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया संगीता तिवारी ने पूर्व में महिला उत्पीड़न से सम्बंधित पत्रावलियों का अवलोकन किया एवं कृत कार्यवाही की जानकारी सम्बन्धित से लेते हुए बताया कि किसी भी दशा में महिला उत्पीड़न को बर्दाश्त नही किया जाएगा, चाहे उत्पीड़न करने वाला कोई भी शख्स हो। सुनवाई दौरान लीलावती देवी निवासी तमकुहीराज का मामला सामने आया जो उनके पति द्वारा दूसरी अवैध शादी कर लेने व दूसरी पत्नी द्वारा कई ध ााराओं में मुकदमा पंजीकृत होने की जानकारी दी गई, जिसके क्रम में मा0 सदस्या द्वारा दोनो को बुलाकर बात करने व मामले की जांच करवाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार कसया क्षेत्र की वृद्ध महिला द्वारा गायब पुत्री की तलाश करने व वापसी के लिये गुहार लगाई गई, जिसे मा0 सदस्य द्वारा प्रभावी कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया। आसरा खातून जिसे तलाक हो जाने के बाद अभी तक पति के विरुद्ध किसी भी प्रकार की कार्यवाही नही होने के सम्बंध में बताया गया कि पति पर दबाव बनाया जा रहा है, शीघ्र ही मामले का निस्तारण करा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 मामलों का निस्तारण करा दिया गया है अवशेष 10 मामलों का भी शीघ्र ही निस्तारण करा लिया जाएगा।तिवारी ने जिला अस्पताल पहुंच कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने महिला वार्ड में भर्ती मरीजों से दवा इलाज के बारे में जानकारी ली,अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों द्वारा बाहर से दवा लेने की शिकायत की जिस पर उन्होंने प्रभावी कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा उन्होंने जच्चा–वच्चा वार्ड का भी निरीक्षण किया गया। आईसीयू वार्ड के निरीक्षण दौरान मरीजों बात भी की गई। कोरोना काल के सम्भावित तीसरी लहर के मद्देनजर की गई तैयारियों के सम्बंध में पूछ ताछ के दौरान उपस्थित चिकित्सक द्वारा बेड की उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्थाओं ध उपकरणों की खरीददारी सम्बन्धित पूर्ण विवरण से अवगत कराया गया इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय पाण्डेय, एडवोकेट सीता सिंह अंशु, महिला थानाध्यक्ष त्रिलोत्मा त्रिपाठी, महिला सामाजिक कार्यकर्ती ममता तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित गण उपस्थित रहे।सदस्य राज्य महिला आयोग संगीता तिवारी ने आज जनपद के एक दिवसीय भृमण दौरान कसया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया । निरीक्षण दौरान उन्होंने टीकाकरण केंद्र सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया साफ सफाई सहित दवाओं की उपलब्धता, की भी जानकारी ली गई, उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं से संतुष्टि जाहिर करते हुए अस्पताल के चिकित्सक गण से ऐसे ही अपने जिम्मेदारियों लग कर निर्वहन करते रहे।

## भाजपा ब्लॉक प्रमुख चुनाव में भी लोकतंत्र का गला घोंटने की तैयारी में: अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि जिला पंचायत के चुनाव में भाजपा के मुकाबले सपा के ज्यादा जिला पंचायत सदस्य जीते थे, लेकिन भाजपा ने धन–बल, छल–बल, जिला व पुलिस प्रशासन के सहयोग से अपने जिला पंचायत अध्यक्ष बनवा लिए। अब भाजपा ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में भी यही कहानी दोहराना चाहती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अब ब्लॉक प्रमुखों के चुनाव में प्रभारी निरीक्षक क्षेत्र पंचायत सदस्यों और समर्थकों की सूची मांग रहे हैं। यह लोकतंत्र का गला घोंटने की दूसरी कवायद है, क्योंकि भाजपा जानती है कि अपने बूते कोई चुनाव जीतना अब उसके बस में नहीं है। छल, कपट, आतंक और झूठे मुकदमों में फंसाने की तरकीबें ही उसे आती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की धांधली की शुरुआत नामांकन प्रक्रिया से ही शुरू हो गई है। देवरिया में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को नामांकन पत्र लेने के लिए परिचय पत्र देने में आनाकानी की गई। धरने पर बैठे पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण को पुलिस ने जबरन उठाया। कन्नौज के छिबरामऊ में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के हाथ से नामांकन पत्र छीना गया। भाजपा कार्यालय में डीएम और एसएसपी जाकर बैठ गए। बलरामपुर में भी नामांकन पत्र नहीं खरीदने दिया जा रहा है। बस्ती के सपा जिलाध्यक्ष को पुलिस प्रशासन द्वारा प्रताडिघ्त किया जाना निंदनीय है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा किराज्य निर्वाचन आयुक्त को ब्लाक प्रमुखों के चुनाव निष्पक्षता एवं स्वतंत्रता के साथ कराने के लिए स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करके ही संतोष नहीं करना चाहिए, बल्कि यह देखना भी चाहिए कि उन निदेशरें का पालन हो। राजभवन की भूमिका संवैधानिक दायित्व के निर्वहन के बजाय मूकदर्शक बने रहने की है।

## हर जिले में होगा एक–एक मेडिकल कॉलेजः योगी

लखनऊ,(यूएनएस)। लगातार कोशिशों से उत्तर प्रदेश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर नियंत्रण में आयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम नाइन को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के तीन जिलों में एक भी कोरोना संक्रमित मरीज नहीं है, यह बड़ी बात है। टेस्टिंग में कोई ढिलाई न होने पाए,क्योंकि ट्रेस टेस्ट ट्रीट पालिसी ने ही कामयाबी दिलाई है। प्रधानमंत्री जल्दी ही प्रदेश के नौ नये मेडिकल कॉलेजो का लोकार्पण करेंगे। हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज बनवाने के लिए सरकार कृतसंकल्प है। देश में 24 घण्टे में 112 मरीज ही नये मिले हैं। आज श्रावस्ती, कासगंज और अलीगढ़ जनपद में आज एक भी संक्रमित मरीज नहीं है। कोरोना संक्रमित सभी मरीज उपचारित होकर स्वस्थ हो चुके हैं। यह बेहतर स्थिति टीम वर्क से संभव हुई है। इसमें जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों, फ्रंटलाइन वर्करों, निगरानी समितियों, प्रशासन ही नहीं जनपदवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। संयम और जागरूकता का यह क्रम बना रहे। जनपद कासगंज, श्रावस्ती और अलीगढ़ में अगले एक सप्ताह तक संक्रमण का कोई नया केस नहीं मिलता है, तो जनपदों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिले में एग्रेसिव टेस्टिंग जारी रखी जाए। टेस्ट में कोई कमी न हो।

उत्तर प्रदेश 06 करोड़ से अधिक कोविड टेस्ट करने वाला पहला राज्य होने जा रहा है। एग्रेसिव ट्रेसिंग और टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट की यह नीति हमारे कोरोना प्रबंधन का मूल है। 24 घंटे 2,59,174 कोविड सैम्पल की जांच की गई और पॉजिटिविटी दर 0.04 प्रतिशत से कम रही। प्रदेश में अब तक 05 करोड़ 98 लाख 48 हजार 583 से अधिक टेस्ट हो चुके हैं। यह देश में किसी एक राज्य द्वारा की गई सर्वाधिक कोविड टेस्टिंग है। कोरोना संक्रमण की नियंत्रित स्थिति के बाद भी एग्रेसिव टेस्टिंग जारी रखी जाए। कोरोना महामारी की दूसरी लहर की स्थिति नियंत्रण में है। 24 घंटे में प्रदेश में 112 नए मरीजों की पुष्टि हुई है, जबकि 258 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार एन डी देहाती जी से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना:मनउवर अंसारी

अमिटरेखा इमरान अंसारी

मेहरौना, देवरिया। इस समय वे बिल्कुल स्वस्थ हैं। लेकिन फिलहाल डॉक्टर के सलाह के मुताबिक आराम कर रहे हैं। जल्द ही हम लोगों के साथ क्षेत्र में नजर आएंगे। ज्ञात हो कि पंचायत चुनाव में खबर कवर के दौरान कोरोना ने उन्हें बुरी तरह जकड़ लिया था। उन्होंने बताया कि मुझे इसका तनिक भी एहसास नहीं हुआ क्योंकि न सर्दी, न जुकाम, न खांसी, न बुखार। एहसास उस वक्त हुआ जब अचानक एक दिन भोजन करने बैठा तो एक निवाला हलक के नीचे नहीं उतरा। अंदर बुखार महसूस हुआ। खांसी शुरू हो गयी। एक्सरे की रिपोर्ट में पता चला कि फेफड़े 68 फीसद खराब हो चुके थे। दम फूल रहा था। आक्सीजन की जरूरत महसूस होने लगी। 31 मई को लार अस्पताल गया वहां आक्सीजन चढ़ने लगा। उन्होंने बताया कि मुझे यह दूसरा जीवन ईश्वर की असीम कृपा और आप सभी अपनों की दुआओं की बदौलत मिला है। एक दिन ऐसा हुआ कि लार अस्पताल से रेफर करने की तैयारी चल रही थी। अस्पताल जाने से मुझे घबराहट सी होती थी क्योंकि हमने राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक आफाक अहमद रामनगर, शिक्षक संजीव पाठक पिंडी सहित दर्जनों परिचितों को देवरिया से गोरखपुर मेडिकल में कोविड से दुर्गति पूर्ण मौत देखी थी, और मेरे गॉव के भी कुछ लोग जी हॉस्पिटल तो गए लेकिन उनकी लाशें ही आईं। हमने साफ साफ कह दिया कि मर जाऊंगा, लेकिन अस्पताल नहीं जाऊंगा। अस्पतालों में दवा हो सकती है, बेहतर इंतजाम नहीं हो सकता। स्वजनों ने देवरिया, गोरखपुर, मैरवा आदि जगहों से हर आवश्यक उपकरण, दवा, इंजेक्शन लाना शुरू किया। सबसे आवश्यक था आक्सीजन। लार, सलेमपुर, देवरिया कहीं नहीं मिला। बिहार के मैरवा में मिला। रोज आने लगा। घर पर ही आक्सीजन चढ़ने लगा। मेरी देखभाल में सभी स्वजन एक पैर पर खड़े थे। मीडिया के साथी और सामाजिक मित्र, हर पल दुआ कर रहे थे। कोरोना जांच हुआ, रिपोर्ट तो निगेटिव थी लेकिन कोरोना ने जो अंदरूनी घाव दिए थे उससे दम फूल रहा था। सांसें इतनी उखड़ती थीं कि लगता था अब प्राण निकल जाएंगे। इस बीच 9 जून को अचानक घर पर ही तबियत बेहद खराब हो गयी। उस समय मेरा बड़ा बेटा योगेश आक्सीजन चढ़ाते हुए कार से लेकर अपनी मम्मी के साथ गोरखपुर में डॉ शशिकान्त दीक्षित के यहाँ पहुंचा। जीवन में पहली बार हम आईसीयू में भर्ती हो गए। कुछ दिन अस्पताल में रहने के बाद डॉक्टर ने दो माह का कम्प्लीट बेड रेस्ट करने को कह कर डिस्चार्ज कर दिया। फिलहाल बेड पर ही हूँ, स्थिति निरन्तर सुधर रही है। इस प्रकार हमने कोरोना को पराजित किया।

## लक्ष्मीपुर बांध पर घटिया निर्माण होने से कटान जारी

अमित रेखा – रामाशंकर सिंह

कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के तमकुहीराज तहसील अन्तर्गत बरवापट्टी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर बांध निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खडा हो गया है ।ग्रामीणों का कहना है कि लक्ष्मीपुर बांध मानक के विपरीत निर्माण किया गया है ।बताते चलें कि लक्ष्मी पुर बाध के पास बडी गण्डक नदी के वेग धारा से कटान जारी है जिससे कई एकड भूमि बडी गण्डक नदी अपने आगोश में ले लिया है ।बडी गंडक नदी के कटान से लोगों को यहाँ से पलायन जारी है ।वहां के शुभनारायण कुमार ठाकुर ,राजकुमार पाल, पुन्नालाल कुशवाहा सहित तमाम लोगों ने का कहना है कि बडी गण्डक नदी व्दारा लक्ष्मीपुर बांध के पास कटान जारी है लेकिन सम्बन्धित विभाग के कानो तक अभी जू नहीं रेख रहा है ।इनकी लापरवाही एवं उदासीनता के कारण लक्ष्मीपुर बांध पर अभी तक काम नहीं लगा है जिससे लोगों के अन्दर गहरा आक्रोश व्याप्त है ।सनद रहे कि इस भयंकर कटान से लक्ष्मीपुर, परोरही, अमवादीगर एवं आस पास के लोग काफी भयभीत है ।उल्लेखनीय है कि बांध कही क्षतिग्रस्त है,तो उसका तत्काल मरम्मत कराया जाता है जिसके लिए अच्छी खासी रकम खर्च होती है ।इसके बावजूद बांध ा का कटना अत्यंत दुखद है आखिर बरसात आने के पहले सम्बन्धित विभाग ने क्या देखा यह प्रश्न बनकर सामने आ रहा है । सम्बन्धित विभाग की लापरवाही एवं उदासीनता के कारण लक्ष्मीपुर बांध के पास कट, रही है।

## शांतिपूर्ण हुआ ब्लॉक प्रमुख पद का नामांकन

अमित रेखा – राकेश कुमार वर्मा

दुदही – कुशीनगर। जनपद के विकास खण्ड दुदही में गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख पद के चुनाव हेतु नामांकन स्थानीय प्रशासन की देख रेख में शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। बताते चलें कि विकास खण्ड दुदही में ब्लॉक प्रमुख पद के दोनों उम्मीदवार माला देवी पत्नी सुनील गोड़ तथा रमावती देवी पत्नी लल्लन गोड़ ने अपने अपने समर्थकों के साथ दुदही ब्लॉक पहुंच कर रिम झिम बारिस के बीच अपना नामांकन बड़े ही शांति पूर्ण ढंग से किया। ब्लॉक परिसर के अन्दर तथा बाहर स्थानीय थाने के पुलिस मय फोर्स मौजूद रही। ब्लॉक प्रमुख की प्रत्यासी माला देवी ने भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपराज खरवार, भाजपा नेता नीरज सिंह बिट्टू, पूर्व प्रमुखपति ओम प्रकाश वर्मा, पूर्व प्रमुख कांता राय, एवम बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन किया।

## जनपद में धारा144 तत्काल प्रभाव से लागू

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। अपर जिलाधिकारी विंध्यवासिनी राय ने बताया कि ईदुज्जुहा(बकरीद), श्रावण मास (कावड़ यात्रा), स्वतंत्रता दिवस, मोहर्रम, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी तथा विभिन्न प्रकार की परीक्षाएं व कोरोनावायरस के संक्रमण को रोकने की दृष्टि से संपूर्ण जनपद कुशीनगर की सीमाओं में शासन के निर्देशानुसार उक्त समस्त त्योहारों को सकुशल एवं शांतिमय वातावरण में संपन्न कराने को व जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी अप्रिय सांप्रदायिक घटना को रोकने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा तत्काल प्रभाव से लागू की जाती है। इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि निषेधाज्ञा के दौरान कोई भी व्यक्ति सड़क जाम नहीं करेगा, सामान्य परिवहन को न रोकेगा नहीं बंद कराने का प्रयास करेगा, त्रिस्तरीय पंचायत क्षेत्र पंचायत प्रमुख निर्वाचन के दृष्टिगत निर्देश प्रांगण में जुलूस के रूप में कोई प्रवेश नहीं करेगा, ना हीं शस्त्र लेकर किसी भी दशा में प्रांगण में आएगा, समस्त निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों ध्सदस्यों के सुरक्षा कर्मियों को मतदान कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा, किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्र नहीं होंगे, किंतु यह प्रतिबंध परंपरागत धार्मिक सांस्कृतिक आयोजनों पर लागू नहीं होगा। जनपद सीमा के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का ऐसी वस्तु का प्रयोग नहीं करेंगे जिससे किसी को चोट पहुंचाई जा सके और ना ही लेकर चलेंगे किंतु यह प्रतिबंध ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारियों अधिकारियों एवं वृद्ध विकलांगों पर लागू नहीं होगा। सार्वजनिक स्थान पर आपत्तिजनक अश्लील सांप्रदायिक अथवा शांति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाले नारे और भाषण नहीं करेगा , कोई भी व्यक्ति ऑडियो वीडियो या सोशल मीडिया पर ऐसा कोई संदेश प्रसारित नहीं करेगा जिससे सांप्रदायिक सद्भाव बाधित हो, किसी भी प्रकार की ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10 से प्रातः 6 के मध्य नहीं किया जाएगा। प्रातः 6 से रात्रि 10 के मध्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएगा ना ही प्रयास करेगा जिससे कि कोई समुदाय दिग्भ्रमित हो। धार्मिक पर्वों के समस्त कार्यक्रम पारंपरिक रूप से आयोजित किए जाएंगे। कोई भी नई प्रथा या नए रूट का प्रयोग नहीं किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति अपने घर के सामने आंगन बरामदे की छत पर, दीवार पर किसी अन्य स्थान पर ईट, गुम्मे, पत्थर, तेजाब फेंक कर मारे जाने या चोट पहुंचाए जाने वाले किसी वस्तु को एकत्र नहीं करेगा। किसी भी व्यक्ति से जबरन चंदा वसूल नहीं किया जाएगा। किसी व्यक्ति द्वारा अनधिकृत रूप से लाल नीली बत्ती हूटर या सायरन का प्रयोग वाहनों पर नहीं किया जाएगा। व्यापारिक प्रतिष्ठान सरकारी और गैर सरकारी संस्था स्कूल कॉलेज आदि को जबरदस्ती बंद नहीं करवाया जाएगा। किसी भी प्रकार की पत्रिका पुस्तक या ऐसा कोई लेख न तो प्रकाशित होगा न ही करवाया जाएगा जिसे किसी व्यक्ति वर्ग या समुदाय में घृणा या दोष पैदा करने वाली भावना उत्पन्न हो। और कोरोनावायरस के दृष्टिगत निर्देश का पालन कठोरता से किया जाएगा उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के द्वारा उपरोक्त निषेधाज्ञा का उल्लंघन होता है तो उस पर भादप्र सहित की धारा 188 के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# सिवान में घर से बुलाकर रिक्शा चालक की हत्या, परिजनों में कोहराम




अमित रेखा मेहरौना लार। सराय ओपी थाना क्षेत्र के इस्माइल शहिद तकिया मोहल्ला से एक बड़ी खबर सामने उभर कर आ रही है की जहां मोहल्ले के ही लोगों ने एक रिक्शा चालक को घर से बुलाकर शहर के गांधी मैदान अवस्थित एक पोखरे में हत्या कर उसकी लाश को फेंक दिया।मृत रिक्शा चालक की पहचान सिकंदर अली 33 वर्ष के रूप में की गई है जो यासीन अली का बेटा बताया जाता है।जो सिवान शहर में रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था।घटना के संबंध में मृतक की मां शमसून खातून ने बताया कि मेरे ही मोहल्ले के मोहम्मद अली साई,वकील साई, बेलाल साई तथा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटपुर गांव निवासी ताहिर साई जो हमारे पुत्र सिकंदर अली को घर से बुलाकर ले गए और उसकी हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसके शव को गांधी मैदान अवस्थित पोखरे में फेंक दिया।उधर घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस गोताखोरों की मदद से शव को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम हेतु सिवान सदर अस्पताल भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक बुधवार की देर रात्रि तक मृतक का शव सिवान सदर अस्पताल में पड़ा हुआ था।नगर थाने की पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की जा रही थी।उधर हत्या का खुलासा उस समय संभव होना तय माना जा रहा है कि जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट चिकित्सक द्वारा पुलिस को सौंपी जाएगी।वहीं इस घटना को लेकर इस्माइल शहिद तकिया मोहल्ले में तरह–तरह के अटकलों का बाजार गर्म है।लोग जितनी मुंह उतनी बातें कर रहे हैं। उधर परिजनों के मौखिक बयान के आधार पर पुलिस घटना के हरेक बिंदुओं पर अनुसंधान शुरू कर दी है। घटना के बाद से मृतक की पत्नी मुन्नी खातून ,बेटी अलीशा खातून,समेत पूरे परिजनों का रोते–रोते बुरा हाल हो चुका है।परिजनों के हृदय विदारक चीत्कार से पूरा मोहल्ला में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।अधिकांश परिजन बुधवार की देर रात तक सिवान सदर अस्पताल परिसर में दहाड़ मार बिलख रहे थे।

# कुशीनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की 17वी बोर्ड की गई बैठक

**– होटल रॉयल रेजीडेंसी कुशीनगर में हुई सम्पन्न**

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त गोरखपुर रवि कुमार एन जी ने की। उक्त बैठक में कई विचारणीय विन्दुओं पर समीक्षा की गई एवं इस संदर्भ में निर्णय लिया गया। विचारणीय विन्दुओं में नगर पंचायत कुशीनगर द्वारा हाउस टैक्स व वाटर टैक्स न लगाएं जाने पर विचार, कुशीनगर में विपत्स्ना केंद्र खोले जाने पर चर्चा, हिरण्यवती नदी के आस पास सौंदर्यीकरण, पथिक निवास कुशीनगर में मेन गेट का निर्माण, विद्युत की निर्बाध आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर अपग्रेडेशन, पर्यटन हेतु नौका विहार, रामाभार स्तूप के पास लाइट एंड साउंड शो, फूड कोर्ट, फुटपाथ पर वृक्षारोपण, जैसे तमाम मुद्दों पर समीक्षा हुई बैठक में संयुक्त मजिस्ट्रेट पूर्ण बोरा के द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। आयुक्त महोदय ने कहा कि जो भी निर्माण हो वह निर्माण उपयोगी हो, उसका मेंटेनेंस हो तथा वह गुणवत्ता युक्त हो। इस संदर्भ में निर्माण कार्यों के तकनीकी पहलुओं पर भी जानकारी उन्होंने ली। पर्यटन स्थल को साफ सुथरा करने के लिए और क्या किया जा सकता है इस संदर्भ में उन्होंने अधिकारियों से सुझाव भी मांगा। उन्होंने कहा कि हिरण्यावती नदी का धार्मिक महत्व ज्यादा है अतः नदी के आसपास सौंदर्यीकरण तथा उसके पानी को साफ रखना काफी जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नई तकनीकी का प्रयोग करके जैसे बायो टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके पानी का शुद्धीकरण करें तथा इस बात पर ध्यान दिया जाए कि किसी भी प्रकार का कंस्ट्रक्शन कार्य इस स्थल के आसपास नहीं हो। पर्यटन हेतु आधारभूत सुविधाओ का विकास काफी जरूरी है इस संदर्भ में योजना बना कर क्रियान्वयन करे। उन्होंने कहा कि यदि इस कार्य हेतु पेड़ काटने की जरूरत होती है तो काटे गए पेड़ के सापेक्ष 10 गुना पौधे लगाए जाए, उसके विधिक पहलू को देखा जाए। किसी भी प्रकार का अतिक्रमण है तो उसको हटाने की कार्यवाही की जाए । आयुक्त महोदय ने निर्माण के साथ–साथ उसके मेंटेनेंस पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा निर्माण होने के बाद उसका मेंटेनेंस कैसे होगा और कौन करेगा यह भी तय किया जाना चाहिए । इस क्रम में कुशीनगर मंदिर क्षेत्र में टूरिस्ट इनफॉरमेशन सेंटर की स्थापना के मुद्दे पर उन्होंने बोलते हुए कहा कि यह सुविधाजनक होना चाहिए। जैसे अच्छी हिंदी और अच्छी इंग्लिश बोलने वाले लोगो की उपलब्धता, कुशीनगर से दूसरी जगह जाने के लिए सूचनाएं उपलब्ध हो आदि बैठक समाप्ति के उपरांत आयुक्त महोदय द्वारा इस संदर्भ में स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने हिरण्यावती नौका विहार, बुद्ध चिल्ड्रन पार्क, करुणासागर, बुद्ध घाट इन सभी स्थलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा सबसे बड़ी चुनौती पानी को शुद्ध करने की है इस अवसर पर जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी अनुज मलिक, संयुक्त मजिस्ट्रेट पूर्ण बोरा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ,अधिशासी अभियंता जल निगम, बाढ़, अधिशासी अधिकारी कुशीनगर, प्रभागीय वन अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, अभियंता लोक निर्माण विभाग, अभियंता विद्युत समेत संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

# सामाजिक कुंभ स्थल पर विकसित होगा स्मृति उपवन

**– कुशीनगर के पनियहवा में नारायणी के घाट को बनाएंगे हरा-भरा**
**– संरक्षित करेंगे पर्यावरण अंतिम संस्कार करने वालों से कराया जाएगा पौधारोपण आयोजन समिति के स्वयंसेवक करेंगे पौधों की सुरक्षा**



अमित रेखा – अजय तिवारी नेबुआ नौरंगिया – कुशीनगर। पौराणिक नारायणी नदी के पनियहवा घाट पर स्मृति उपवन विकसित किया जाएगा। इससे नदी का किनारा हरा–भरा रहेगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। मां नारायणी सामाजिक कुंभ आयोजन समिति ने इसका बीड़ा उठाया है। समिति की ओर से स्मृति उपवन की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। पहले चरण में घाट पर दाह संस्कार करने वाले लोगों को दिवंगत आत्मा की स्मृति में पौधा लगाने को प्रेरित किया जाएगा। पौधे की देखभाल आयोजन समिति के स्वयंसेवक करेंगे। समिति की ओर से भी विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा। धीरे–धीरे नदी के किनारे उपवन का सपना साकार होने लगेगा।वर्ष 2018 में खड्डा इलाके के युवाओं ने मनोज पांडेय के नेतृत्व में समिति का गठन कर नारायणी के पनियहवा घाट पर मौनी अमावस्या के अवसर पर सामाजिक कुंभ का आयोजन किया। इसमें काफी संख्या में कुशीनगर के अलावा पड़ोसी जिला महराजगंज, सीमावर्ती बिहार प्रांत और नेपाल के श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाई। आयोजन की लोकप्रियता बढ़ी और तो हर साल सामाजिक कुंभ का आयोजन होने लगा। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन मदद करने लगा। मेला में श्रद्धालुओं के ठहरने, सुरक्षा, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था में प्रशासन का सहयोग रहता है। कोरोना काल में सामाजिक कुंभ में भीड़ कम करने के लिए समिति से जुड़े युवाओं ने एक लाख परिवारों तक नदी का पवित्र जल पहुंचाया था।

बदलेगा घाट का परिश्य

मां नारायणी सामाजिक कुंभ आयोजन समिति के संयोजक मनोज कुमार पांडेय कहते हैं कि स्मृति उपवन का सपना साकार होने पर घाट का परिदृश्य बदल जाएगा। पौराणिक नारायणी नदी के पनियहवा घाट पर हर साल काफी संख्या में लोगों का अंतिम संस्कार किया जाता है। मृतक के स्वजन से अपील कर दिवंगत आत्मा की स्मृति में एक पौधा लगवाया जाएगा। इस तरह एक–दो साल में बड़ी संख्या में पौधे लग जाएंगे। उन्हें हम संरक्षित करेंगे, जो पौधे सूख जाएंगे उनकी जगह नए लगाए जाएंगे। इस तरह स्मृति उपवन तैयार होने लगेगा।

## मौसम ने बदली करवट ,शुबह-शुबह देवरिया के क्षेत्रों में झमाझम बारिश

अमित रेखा दिनेश गुप्ता
तहसील प्रभारी

देवरिया। आज दिन बृहस्पतिवार को मौसम ने शुबह–शुबह ही अचानक करवट बदली और शुरुआत में हल्की बारिश के बाद



देर तक रुक रुक कर तेज बारिश का दौर भी रहा. जिससे गर्मी से जूझ रहे देवरिया जनपद के निवासियों को काफी राहत मिली. देवरिया के कुछ इलाकों समेत सलेमपुर,भाटनी भाटपाररानी, खोरीबारी रामपुर,बैकुंठपुर, घाटी व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों मे भी बारिश का दौर चला, वहीं लगभग घंटो तक रुक रुक कर तेज बारिश के छीटों ने भी मौसम को सुहाना कर दिया। तापमान में कमी वहीं बारिश के साथ ही पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान से भी राहत मिली और देवरिया समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों का अधिकतम तापमान एक से दो डिग्री तक कम हो गया. हालांकि बारिश के साथ ही उमस बढ़ने से भी लोग परेशान रहे. फिलहाल बारिश अभी भी जारी है जिससे मौसम सुहावना बना हुआ है।

# परसदीय विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में तथा बीआरसी तमकुही राज में प्रांगण में भरा पानी

**– जल निकासी की खोल दी है पोल खंड शिक्षा अधिकारी तमकुही के बरामदे में धूसा बरसात का पानी**



अमितरेखा – कृष्णा यादव तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। बुधवार सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगभग 7 घंटे तमकुही राज में लगातार बारिश हुई है जिसके कारण खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय तमकुही राज परिषदीय जूनियर विद्यालय तमकुही राज आवासी बालिका नवोदय विद्यालय के परिसर में वर्षा का पानी तालाब का रूप धारण कर दिया इस पानी को निकालने के लिए एक छोटी सी पुलिया का निर्माण बहुत पहले कराया गया था जो धीमी गति से पानी की निकासी हो रही है पूरा प्रांगण डूबा हुआ है इसके साथ ही नगर पंचायत तमकुही राज की दिन –दशा को क्या कहा जाए यहां के अधिकारी रात– दिन मेहनत कर रहे हैं०, प्राइवेट सफाई कर्मियों को रख कर के सड़कों पर झाड़ू लगाने के कारण साफ सफाई कराई जाती है परंतु जल प्रभावित क्षेत्रों के जल को निकालने के लिए नाली की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है।

जिसके कारण हरिहरपुर गांव के दक्षिण दिशा के गरीबों के सारे खेत नदी में तब्दील हो चुके हैं सारी फसलें गिर गई हैं किसान छाती पीट रहा है बरसात रुकने का नाम नहीं ले रहा है सारा पानी खेतों में इकट्ठा है जबकि तमकुहीनगर पंचायत अधिकारी अंबरीश सिंह ने अथक प्रयास करके नालियों की सफाई बाजारों में कराया है तुरंत गांव की पानी के निकास की व्यवस्था अब तक नहीं कराया गया है किसी व्यक्ति को नगर पंचायत की आमदनी की जानकारी नहीं दी जाती है बड़े पैमाने पर लोगों द्वारा बताया जाता है कि यहां रुपया बहुत ज्यादा आया है मनमाने तौर पर 1 का सामान का दाम 10 लगाया जाता है आप समझ सकते हैं कि इसके अनुसार नगर पंचायत विभाग का कौन सा खेल हो रहा है कितने रुपए आने के बाद भी 2–2 जेसीबी मशीनें खरीदी गई है छोटी गाड़ियां कि खरीदी गई हैं फिर भी बाजार का पानी गांव में जाकर तालाब और दरिया का रूप ले रहा है जिससे यहां के किसान परेशान हैं बीआरसी तमकुही डूबी हुई है तमकुही राज खानसामा टोला में भी स्टेट बैंक के सामने सुबह पानी बहुत ज्यादा लगा था जो धीरे धीरे निकल रहा है परंतु किसानों की दिन दशा के तरफ ध्यान नहीं देने के कारण खेतों में जल जमाव ज्यों का त्यों बना हुआ है।

## पर्चा दाखिला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। क्षेत्र पंचायत (प्रमुख) चुनाव हेतु पर्चा दाखिला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।



जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता द्वारा क्षेत्र पंचायत (प्रमुख) चुनाव हेतु पर्चा दाखिला ब्लाकवार सदर, फरेन्दा, लक्ष्मीपुर,रतनपुर नौतनवा, निचलौल,मिठौरा का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी द्वारा निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण चुनावों हेतु सभी रिर्टनिंग अफसरों, क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया। उन्होने निर्देश दिया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही न हो, जिससे अराजकता का माहौल उत्पन्न हो। अतः शुचितापूर्ण चुनाव हेतु कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व सावधानी सुनिश्चित की जाये।

# दोनों सीटों पर विधानसभा क्षेत्र तमकुही राज 331 में बीजेपी का कब्जा

**– अनु तिवारी पत्नी धनंजय तिवारी सेवर रही ब्लश्वक की निर्विरोध ब्लाक प्रमुख चुनी गई**
**– भाजपा तथा सपा समर्थकों में जमकर हुई झड़प मौके पर पुलिस बल ने बीच-बचाव कर सब को हटाया**
**– सपा प्रत्याशी मीना देवी पत्नी फूल महम्मद सेवरही में भी सपाप्रत्यासी ने पर्चा दाखिला करने से रह गई वंचित**




अमित रेखा – कृष्णा यादव
तहसील प्रभारी

तमकुही राज – कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के तमकुही राज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राप्त समाचार के अनुसार लगातार मूसलाधार बारिश में भीगते हुए भाजपा प्रत्याशी अनुराधा राय पत्नी वशिष्ठ राय ने समय से तमकुही राज ब्लॉक परिसर में पहुंचकर पर्चा दाखिला की, बनाए गए काउंटर पर अपने प्रस्तावक समर्थक के साथ संबंधित अधिकारी को पर्चा दाखिल किया। इसके पश्चात कुछ घंटों के बाद सपा समर्थक प्रत्याशी मीना देवी पत्नी फूल महम्मद निवासी सुल्तानपुर पर्चा खरीदने के लिए पहुंची तब तक ब्लॉक परिसर में कुछ लोगों ने मीना देवी का आधार कार्ड छीन लिया। यह आरोप समाजवादी पार्टी के विधानसभा प्रभारी मधुर श्याम राय ने लगाया तथा मीडिया को बताया कि कल 7 जुलाई को मीना देवी पर्चा खरीदने आई थी उस समय भी कुछ लोग उनसे झगड़ा कर लिए वह वापस चली गई बाद में समाजवादी पार्टी के पास पहुंची तो समाजवादी पार्टी ने अपना समर्थन उनके साथ जाहिर कर दिया आज सुबह समय से जब पर्चा खरीदने पहुंची तो बड़ी संख्या में बिहार के गुंडे ब्लॉक परिसर में मौजूद थे उनको पुलिस ने नहीं हटाया गेट दोनों बंद कर दिया गया था सूचना मिलते ही हम तथा हमारे कार्यकर्ता विधानसभा अध्यक्ष गोरख निषाद सपा पदाधिकारी सुरेश यादव सहित दर्जनों लोग वहां पहुंचे बात होने लगी तभी अंदर जमे हुए लोगों ने लाठी डंडे से प्रहार कर दिया हमको भी चोटें लगी महिला को भी लोगों ने मारा पीटा वह पर्चा दाखिले से वंचित रह गई। तथा इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी निर्विरोध चुनी गयी हैं इस चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी में उत्साह है। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख विजय राय ने क्षेत्र पंचायत सदस्य अपने भाई की पत्नी को ब्लाक प्रमुख के रूप में चुने जाने पर ब्लाक प्रमुख सहित गुड्डू राय उपस्थित सभी लोगों को भारतीय जनता पार्टी के जनपद के सहीत प्रदेश के लोगों को भी साधुवाद दिया है साथ ही क्षेत्र की जनता कोआभार प्रकट किया है की सभी लोगों ने विश्वास कर इस मुकाम तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान किया है सभी लोग धन्यवाद के पात्र हैं पर्चा दाखिला के समय पुलिस चौकी तमकुही राज प्रभारी सुनील सिंह तमकुहीराज के सभी हमराही सिपाही सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक–चौबंद किला स्थापित किए थे हल्की झड़प के साथी पर्चा दाखिला कार्यक्रम सब कुशल संपन्न हो गया विजय राय गुड्डू राय को लोगों ने जीत का माला पहनाकर स्वागत किया। इसी क्रम में सेवरही क्षेत्र पंचायत में भी शांतिपूर्ण पर्चा दाखिला संपन्न हुआ यहां भी निर्विरोध ब्लाक प्रमुख अन्नू तिवारी पत्नी धनंजय तिवारी ने पर्चा दाखिल किया तमकुही तथा सेवरही ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में भारतीय जनता पार्टी ने दोनों जगह सपा से बाजी जीत कर निर्विरोध निर्वाचित हुए इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेमचंद्र मिश्रा भाजपा जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष केशव पांडे सहित जनपद के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दिया।

## कैबिनट मंत्री के पुत्र राजीव प्रताप सिंह नंदन सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए ब्लॉक प्रमुख मंगरौरा

अमित रेखा प्रताप गढ व्यूरो

प्रताप गढ, मंगरौरा विकासखंड ब्लाक प्रमुख पद के लिए निर्विरोध कैबिनेट मंत्री पुत्र निर्वाचित घोषित किए गए इनके अतिरिक्त किसी ने पर्चा दाखिल नहीं किया कार्यकर्ता खुशी की लहर कैबिनेट मंत्री ने निर्विरोध निर्वाचन पर सभी बीडीसी सदस्य एवं क्षेत्र की जनता को बधाई दी। कैबिनट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह 1983 में मंगरौरा से ब्लॉक प्रमुख बन किये थे राजनैतिक सुरुवात मंत्री पुत्र नंदन सिंह भी निर्विरोध ब्लॉक प्रमुख बन कर किये राजनैतिक पारी का सुरुवात नामंकन में उमड़ी हजारों की भीड़ ब्लॉक प्रमुख बनाने में अहम भूमिका मंत्री करीबी मदाफरपुर प्रधान सोनू जायसवाल की दो दर्जन से अधिक बीडीसी सदस्यों का दिलाया था समर्थन ,भिवनी प्रधान अशोक सिंह, बरहा प्रधान अजय सिंह,परसंडा राजेश मौर्य, संतोष सिंह उतरास,राकेश सिंह नन्हे, द्वारा क्षेत्र के बीडीसी सदस्यों समर्थन प्राप्त कर मंगरौरा ब्लॉक प्रमुख बनाने की रही अहम भूमिका कैबिनट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह ने पुत्र नंदन सिंह के निर्विरोध निर्वाचित होने पर सभी समर्थकों व प्रधानों व बीडीसी सदस्यों को दी सुभकामनाये मंत्री ने कहा कि 15 दिन में ब्लॉक में एक नए भवन का होगा निर्माण।

## नाले में मिला अज्ञात युवक का शव हत्या की आशंका

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जनपद महाराजगंज के थाना क्षेत्र बृजमनगंज ग्राम सभा बंजरहा सोनबरसा के टोला शिंगोरहवा के पूर्व नाले में तैरती हुई एक अज्ञात युवक का शव आज देर शाम 4रू00 बजे मिला।ग्रामीणो ने इसकी सूचना तत्काल बृजमनगंज पुलिस को दी। बृजमनगंज पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को नाले से बाहर निकाल कर वहां इकट्ठे लोगों से पहचान के लिए पूछताछ की परंतु शव की शिनाखय़्त नहीं हो सका मृतक युवक की उम्र लगभग 45 से 50 है तथा उसके सर तथा मुख के रास्ते से खून निकल रहा था प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक युवक की हत्या कर छुपाने के लिए शव को नाले में फेंक दिया गया है।पुलिस टीम एस आई उमाकांत सरोज, एस आई अनघ कुमार एस आई अश्विनी मोर्या हेड कांस्टेबल प्रेम शंकर दूबे ने शव का पंचनामा कर अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दिया गया।

# व्यापारी नेता पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

अमित रेखा प्रताप गढ व्यूरो

प्रताप गढ, शहर के पल्टन बाजार में फर्जी अभिलेखों के सहारे मकान पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने व्यापारी नेता पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। शहर के भदरी हाउस मोहल्ला निवासी भाजपा नेता सुनील गोयल की तहरीर पर नगर कोतवाली में व्यापारी नेता अनिल विश्वकर्मा,रामपाल विश्वकर्मा, रीमा शर्मा,राजन विश्वकर्मा निवासी भदरी हाउस व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। आरोप है कि सुनील गोयल द्वारा विधि सम्मत तरीके से 17 लाख रूपये में पलटन बाजार स्थित हीरालाल का मकान खरीदा गया था। बाद में अनिल विश्वकर्मा ने उसके हिस्से की संपत्ति को अपना बताकर जामताली स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से 20 लाख रूपये लोन ले लिया। बाद में बैंक द्वारा नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जाने लगी तब उन्हें जानकारी हुई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही।

## विद्युत करेंट की चपेट में आने से अधेड़ घायल व पाटा लगा रहे दो बैलों की दर्दनाक मौत

अमिटरेखा मिल्कीपुरअयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र के किनौली गांव में विद्युत करेंट की चपेट में आने से धान की रोपाई के लिए खेत में पाटा लगा रहा अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया तथा दो बैलों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। कृषक पुत्र ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड तृतीय एवं नलकूप खंड के सहायक अभियंता के विरुद्ध इनायत नगर पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा कायम किए जाने की मांग की है । प्राप्त जानकारी के मुताबिक किनौली गांव निवासी जगन्नाथ मौर्य अपने खेतों में धान की रोपाई किए जाने हेतु पायलों से खेत में पानी भरकर पाटा लगा रहे थे। इसी बीच अचानक खेत के पानी में विद्युत करंट उतर आया और दोनों बैल खेत में ही गिरकर तड़पने लगे और उनकी मौत हो गई। देखते ही देखते कृषक जगन्नाथ मौर्य भी विद्युत करंट की चपेट में आ गए और वह झटके में खेत के बगल खाली खेत में जा गिरे। विद्युत करंट की चपेट में आकर कृषक गंभीर रूप से घायल हो गया आस–पास मौजूद ग्रामीणों ने आनन–फानन में घायल किसानों को इलाज के लिए इनायत नगर बाजार स्थित अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद पीड़ित कृषक पुत्र आशीष मौर्य ने इनायत नगर थाने में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण एवं नलकूप विभाग के सहायक अभियंता के विरुद्ध मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी है।



## भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह ने सांसद लल्लू सिंह से की मुलाकात सांसद के भाई के निधन पर जताया शोक

अमिटरेखा रोहित सिंह

ब्यूरो अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह के अनुज अजीत प्रताप सिंह 'झल्लू सिंह' के निधन के बाद शोक संवेदनाएं व्यक्त करने वालों तांता लगा हुआ है। विभिन्न दलों के प्रतिष्ठित नेताओं के द्वारा उनसे सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है। बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दर्शना सिंह ने सांसद लल्लू सिंह से मुलाकात की तथा अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। दर्शना सिंह भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश रह चुकी है। लम्बी बीमारी के बाद अजीत प्रताप सिंह 'झल्लू सिंह' निधन शुक्रवार का एक निजी अस्पताल में हो गया था। शुक्रवार को ही उनका अंतिम संस्कार शहर के जमथरा घाट पर हुआ था। केन्द्र व प्रदेश सरकार के कई मंत्री, पूर्व मंत्री, सांसद, विधायक व देश, प्रदेश के कई प्रतिष्ठित नेता सांसद लल्लू सिंह से मुलाकात करके अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कर चुके है।



## राकेश कुमार सिंह बने निर्विरोध पट्टी ब्लाक प्रमुख

अमिट रेखा प्रताप गढ ब्यूरो

प्रताप गढ, पट्टी विकास मैं निर्विरोध निर्वाचित हुए कैबिनेट मंत्री के भतीजे इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया निर्वाचित होने के बाद प्रमुख ने सभी बीडीसी सदस्य एवं क्षेत्र की जनता दी बधाई। पट्टी विकासखंड मैं आज सुबह से ब्लॉक प्रमुख पद का नामांकन शुरू हुआ जिसमें प्रमुख पद के लिए राकेश कुमार सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्रत्याशी ने अपना पर्चा दाखिल नहीं किया समय समाप्त होने पर निर्वाचन अधिकारी ने राकेश कुमार सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया, निर्विरोध निर्वाचित होने के बाद क्षेत्र के बीडीसी सदस्य एवं जनता को बधाई दी। इसी तरह बाबा बेलखरनाथ धाम विकासखंड में भी सुशील सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए इनके विपक्ष में किसी भी बीडीसी सदस्य ने प्रमुख पद का नामांकन दाखिल नहीं किया ।




## ब्लाक प्रमुख प्रत्याशियों का नामांकन जारी

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिले में आज ब्लाक प्रमुख प्रत्याशीयो का 12 ब्लाकों में प्रत्याशी अपना–अपना नामांकन दाखिल कर रहे है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी उज्ज्वल कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता सदर ब्लॉक समेत जिले के अलग–अलग ब्लाकों में निरीक्षण किया है।फरेंदा ब्लॉक प्रमुख का चुनाव अनुसूचित होने की वजह से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सहित अन्य दावेदार खेल मैदान से बाहर हो गए। गुरुवार को नामांकन के दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख रामप्रकाश सिंह की समर्थित उम्मीदवार मनीषा देवी ने दो प्रस्ताव को के साथ नामांकन दाखिल किया।मनीषा देवी वार्ड नंबर 82 परसिया से क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। नामांकन के दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रकाश सिंह भी उम्मीदवार के साथ मौजूद रहे लक्ष्मीपुर ब्लाक पर पूर्व सभापति गणेश शंकर पाण्डेय की बहू ब्लाक प्रमुख उम्मीदवार अंजली पाण्डेय ने नामांकन कि महराजगंज जिले के लक्ष्मीपुर ब्लाक पर पूर्व सभापति गणेश शंकर पाण्डेय की बहू ब्लाक प्रमुख उम्मीदवार अंजली पाण्डेय ने नामांकन किया।महराजगंज जनपद के बृजमनगंज ब्लॉक पर आज 2 प्रत्याशियों का पर्चा दाखिला हुआ जिसमें से पहले भाजपा की तरफ से उदय राज यादव का पर्चा दाखिला हुआ दूसरा राम मिलन का पर्चा दाखिला निर्दल हुआ।



## बेटी की शादी के रस्म के दौरान आ गया मंत्री बनने का बुलावा, जानें कौन हैं मोदी कैबिनेट का हिस्सा बने पंकज चौधरी



अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगं। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने वाला महराजगंज का पहला चेहरा बने पंकज चौधरी को उनकी शालीन सियासत का इनाम मिला है. छठवीं बार सांसद बने पंकज चौधरी की पहचान पार्टी में समर्पित व सफल सिपाही की है. किसी भी खींचतान और राजनैतिक कलंक से अपने दामन को बचाए रखे पंकज को हालांकि कई उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करनी होगी. फिलहाल भारत के एक छोर पर बसे छोटे से जनपद महराजगंज को इतराने का बहु प्रतीक्षित अवसर मिला चुका है. कौन हैं पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले के सांसद पंकज चौधरी मूलतः गोरखपुर के रहने वाले हैं. पंकज चौधरी नगर निगम में बतौर पार्षद राजनैतिक कैरियर की शुरुआत की. पहली बार 1989–91 में नगर निगम गोरखपुर में पार्षद चुने गये थे. 1990–91 तक वे गोरखपुर नगर निगम में ही उप–महापौर रहे. उसी साल 1991 में उन्हें प्रदेश भाजपा में कार्यकारिणी समिति में सदस्य बनाया गया.वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने महराजगंज लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किया. पहली बार में ही वह चुनाव जीत गए. इसके साथ ही सियासत में वह चमकते गए. महराजगंज संसदीय सीट से वह वर्ष 1991 1991, 1996, 1998, 2004, 2014 में सांसद रह चुके हैं. 2019 में वह छठवीं बार सांसद चुने गये हैं.बेटी की शादी के रस्म के दौरान मंत्री बनने का आया बुलावा महराजगंज संसदीय क्षेत्र से लगातार छठवीं बार संसद पंकज चौधरी की बेटी की शादी बुधवार को है. शादी दिल्ली से ही होनी है. पूरा परिवार व रिश्तेदार दिल्ली स्थित आवास पर ही एकत्र है. शादी के एक दिन पहले वैवाहिक रस्म को पूरा कराने के लिए सांसद पूजा की वेदी पर बैठे थे. उसी दौरान मंत्री बनने का फोन आया. रस्म पूरी करने के बाद वह पीएम आवास रवाना हुए. जानिए कौन हैं बीएल वर्मा, जिनके मोदी मंत्रिमंडल में शामिल होने की है चर्चा जिले की राजनीति में है पकड़, कुर्मी बिरादरी के हैं बड़े नेता सांसद पंकज चौधरी क सियासी छवि जिले में शालीन नेता की है. कुर्मी बिरादरी में अच्छी पकड़ के साथ अन्य बिरादरी में भी उनके सोशल इंजीनियरिंग के विरोधी भी कायल हैं. यह उनकी कुशल राजनीतिज्ञ का ही मिसाल है कि गोरखपुर से अलग होकर जब महराजगंज जिला बना तब ही से जिला पंचायत सीट पर भाजपा का ही कब्जा है. इसमें में सांसद के बड़े भाई प्रदीप चौधरी व मां उज्ज्वला चौधरी अध्यक्ष रह चुकी हैं. आरक्षण बदलने के बाद भी पंकज चौधरी के करीबी व भरोसेमंद ही जिला पंचायत अध्यक्ष बने।

## सांसद पंकज चौधरी को राज्य मंत्री बनाये जाने सदर विधायक एवं जिला अध्यक्ष ने दी बधाई



अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज।महाराजगंज जिले के छठी बार सांसद बने पंकज चौधरी को मोदी मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री का शपथ मिलने के बाद महाराजगंज में जश्न का माहौल भाजपा कार्यकर्ता ढोल नगाड़े संग अबीर गुलाल खेल सदर से भाजपा विधायक भाजपा के जिला अध्यक्ष और महाराजगंज सदर से भाजपा चेयरमैन के साथ राज्यमंत्री का शपथ लेने के बाद वन 2 वन वीडियो कार्यकर्ताओं द्वारा ढोल नगाड़े और पटाखा फोड़ते का वीडियो महराजगंज लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद पंकज चौधरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करते हुए उन्हें राज्य मंत्री का प्रभार सौंपा है। पंकज चौधरी ने आज शाम केंद्रीय मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री के रूप अपना शपथ ग्रहण किया है। वहीं मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने के बाद महराजगंज लोकसभा क्षेत्र सहित पूर्वांचल के कई इलाकों में जश्न का माहौल दिखाई दिया। पटाखे फोड़ ढोल नगाड़ों के साथ एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं का कहना था कि पंकज चौधरी को एक सांसद के रूप में काम करने का लंबा अनुभव है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने से पूरे पूर्वांचल का विकास तेजी के साथ बढ़ेगा।महराजगंज से छठवीं बार चुने गए बीजेपी सांसद पंकज चौधरी पिछड़े वर्ग के कुर्मी बिरादरी से आते हैं। 1989 में गोरखपुर से नगर निगम पार्षद के रूप में अपना राजनैतिक सफर शुरू करने वाले पंकज सभी वर्गों और बिरादरी को एक साथ लेकर चलने के लिए जाने जाते है। इसी का नतीजा है कि 10वीं लोकसभा चुनाव से लेकर 16वीं लोकसभा तक उन्हें सिर्फ एक बार 13वी लोकसभा में हार का सामना करना पड़ा था। 2019 के लोकसभा चुनाव में वह छठवीं बार भारी बहुमत से चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे थे।

जिसके बाद से ही यह अटकलें लगाई जाने लगी थी कि उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी शामिल किया जाएगा।सदर से भाजपा विधायक जय मंगल कनौजिया भाजपा जिला अध्यक्ष परदेशी रविदास और सदर के भाजपा चेयरमैन कृष्ण गोपाल जयसवाल के साथ।

## केंद्रीय मंत्री बनाये जाने पर विधायक बजरंग बहादुर सिंह एवं नगर अध्यक्ष राजेश जायसवाल ने दी बधाई

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। छठवीं बार के सांसद पंकज चौधरी को केंद्रीय राज्यमंत्री बनाये जाने पर फरेन्दा विधायक बजरंग बहादुर सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओ ने पडाकी फोड़ कर और मिठाई बांट कर खुशियां मनाई।इस दौरान फरेन्दा विधायक बजरंग बहादुर सिंह एवं नगर अध्यक्ष राजेश जायसवाल ने कहा कि सांसद पंकज चौधरी के केंद्रीय मंत्री बनाये जाने से विकास के रफ्तार में और तेजी आएगी और यह जिले के लिए गौरव की बात है की हम लोगो के लोकप्रिय सांसद को मंत्री बनाया गया है।इस दौरान मण्डल अध्यक्ष चन्दू सिंह,योगेन्द्र यादव,डब्बू सिंह,हरिश्चंद्र सोनकर,विनोद प्रजापति,विजय श्रीवास्तव, विपिन तिवारी,रितेश सिंह, प्रदीप पाण्डेय, गुलाब चौरसिया,उदयराज यादव,अनिरुद्ध तिवारी,राजू सिंह,कन्हैया चौहान, वरुण,हीरा गुप्ता,केएम गुप्ता,बृजेश राय,सौरभ जायसवाल,जे पी गौड़,अशोक पटवा,अरुण राय, परमानंद तिवारी,राकेश जायसवाल, राजू जायसवाल, आशीष जायसवाल, कमलेश शर्मा शिवम जायसवाल झिनक विश्कर्मा, सोनू गुप्ता, गौरव यादव,श्री राम,दिलीप गुप्ता,पप्पू यादव,ललित यादव,बबलू जायसवाल, क्रान्तिमणि,बबलू चौरसिया,अमित पासवान,धीरज जायसवाल,नोहर सिंह,विनय जायसवाल ,परशुराम पाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



## पति की बेवफाई से नाराज नवविवाहिता ने फंदे से लटक दी जान, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

अमिट रेखा दिनेश गुप्ता
तहसील प्रभारी

देवरिया। जिले के लार थाना क्षेत्र के एक गांव में नवविवाहिता ने पति के बेवफाई से नाराज होकर बंद कमरे में फंदे से लटक कर जान दे दी। सुबह फंदे से लटकता शव देख ससुराल वालों ने दरवाजे की कुंडी तोड़ शव को उतारा। मौत की जानकारी ससुराल वालों ने मृतका के मायके वालों को दी।जानकारी पर पहुंचे नवविवाहिता के परिजनों ने बेटी के ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है।लार थाना क्षेत्र के उकीना गांव निवासी प्रकाश शर्मा की शादी सिवान जिला के जीरादेई गांव निवासी नीलम शर्मा पुत्री सकीचंद शर्मा से 24 जून को हुई थी। बुधवार की रात भोजन कर परिवार के सभी लोग अपने अपने कमरे में सो गए। सुबह सोकर उठे परिजनों ने देखा कि नीलम के कमरे का दरवाजा बंद है।आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। खिड़की के रास्ते देखा तो उसका शव छत की कुंडी से लटक रहा था। यह देख परिजनों ने आनन–फानन दरवाजा तोड़ शव को फंदे से उतार और घटना की जानकारी नवविवाहिता के परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे नवविवाहिता के परिजनों ने बेटी की हत्या का आरोप लगा घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई। उधर चर्चा है कि पति के बेवफाई से नाराज होकर पत्नी ने जान दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



## खजनी ब्लाक प्रमुख पद के लिए दो कद्दावरों के बीच घमासान,लखनऊ तलब

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। खजनी ब्लाक में प्रमुख पद के लिए क्षेत्र की दो नामचीन कद्दावर हस्तियों के बीच सीधा टकराव क्षेत्र में हर जुबान पर चर्चा का विषय बना हुआ है। सियासत के जानकारों की मानें तो ब्लाक प्रमुख पद के चुनाव को अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों से भी जोड़ कर देखा जा रहा है। बीजेपी जैसे शीर्ष राजनैतिक दल को प्रमुख पद पर दल से जुड़े किसी ऐसे व्यक्ति को आसीन करना उसकी सियासी मजबूरी है, जिसकी बदौलत आगामी विधानसभा चुनावों में उसे जनमत का लाभ हो। खजनी ब्लाक में प्रमुख पद के लिए भाजपा ने पूर्व ब्लाक प्रमुख स्वर्गीय सुरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ गुड्डू सिंह की धर्मपत्नी अंशु सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है।जोकि पूर्वांचल के राजनीति की धुरी रहे पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह के भतीजे की बहू हैं। लंबे समय से प्रमुख पद पर इसी परिवार का कब्जा रहा है। साथ ही कैम्पियरगंज के भाजपा विधायक फतेहबहादुर सिंह ने इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है। वहीं दूसरी ओर योगी आदित्यनाथ के साथ संघर्ष के दिनों में भी साथ रहने वाले रामपाल सिंह तथा हिंदू युवा वाहिनी के युवा कार्यकर्ताओं के द्वारा अमित सिंह को प्रमुख पद के लिए अपना खुला समर्थन दिया है। अब तक की जानकारी के अनुसार प्रमुख पद के दोनों ही दावेदारों ने बहुत खर्चे भी किए हैं। भाजपा ने भले ही अंशु सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है किंतु अमित सिंह का पक्ष भी हार मानने के लिए तैयार नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार बीजेपी द्वारा प्रत्याशियों की घोषणा के बाद अब उन्हें पद पर काबिज कराने की बड़ी चुनौती है। जबकि खजनी में दो शख्सियतों के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। ऐसे में दोनों पक्षों को लखनऊं तलब किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विधायक फतेहबहादुर सिंह राजधानी में पहले से ही मौजूद हैं। वहीं दूसरी ओर दूसरे पक्ष को भी लखनऊं बुलाया गया है, तथा रामपाल सिंह अपने समर्थित प्रत्याशी अमित सिंह,हरीश सिंह के साथ आज अल् सुबह लखनऊं के लिए रवाना हो चुके हैं। बताते दें कि भाजपा के शीर्ष नेताओं के अनुसार भाजपा के राजनेताओं और भाजपा संगठन के बीच भले ही साम्य हो किन्तु सियासत के गुंणा गणित में आज भी भाजपा संगठन और संघ से जुड़े निर्णयों को ही प्रधानता दी जाती है, और संघ के निर्णय आज भी प्रायरू जन अपेक्षाओं और जनइच्छाओं के आधार पर हुए शोध के आधार पर ही लिए जाते हैं। अब यह देखना वाकई दिलचस्प होगा कि बीजेपी अपने घोषित प्रत्याशी की नौका पार लगा पाती है या नहीं, संभवतः आज सायं तक इस महत्वपूर्ण निर्णय का पटाक्षेप हो जाएगा।

## फाजिलनगर विद्युत उपकेंद्र 33/11 केवीए का हाल, तालाब में तब्दील

अमिट रेखा –समशाद अंसारी

बेलवा कारखाना – कुशीनगर। जनपद के फाजिलनगर नगर पंचायत के विद्युत उपकेंद्र में भारी बारिश के चलते पैनल तक पहुंचा पानी, जिसके चलते उपभोक्ताओं को नही मिल पा रही है बिजली सप्लाई। किसी भी जनप्रतिनिधियों का नही जाता फाजिलनगर विद्युत उपकेंद्र के दूर करने के लिए व्यवस्थाओं पर नजर, बारिश में पूरे बाजार का पानी उपकेंद्र में ही होता है इकट्ठा नगर पंचायत बनने के बाद भी उपकेंद्र की सुन्दरीकरण नहीं हो पा रहा है जिससे चलते हुए उपभोक्ताओं को समय से बिजली आपूर्ति नहीं मिल रही है।

## भाजपा से अधिकृत ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी के समर्थकों ने पत्रकार के साथ किया दुर्व्यवहार

अमिट रेखा तहसील प्रभारी

देवरिया।उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद भटनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भटनी ब्लॉक पर ब्लाक प्रमुख पद का पर्चा भरा जा रहा था जहां पर भटनी थाना क्षेत्र के अस्थानिय निवासी पत्रकार पवन यादव कवरेज करने ब्लॉक पर गये थे जहा भाजपा पैनल से अधिकृत प्रत्याशी गिरधारी तिवारी के समर्थक ब्लाक पर पहले से हंगामा कर रहे थे जिसका वीडियो पत्रकार के द्वारा बनाया जा रहा था वीडियो बनाते देख भाजपा के समर्थक पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार करते हुए हाथापाई करने लगे जिसमें पत्रकार को चोट लग गई घटनास्थल पर पुलिस मुख दर्शक बनी रहे और अपराधियों का मनोबल बढ़ाती रही जिसमें मौके पर मौजूद एडिशनल एसपी ने मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया।



## गोपालगंज के 3 बच्चों का होगा दिल का ऑपरेशन

अमिट रेखा – संतोष पाठक

कुचायकोट – गोपालगंज। बच्चों जिनके दिल में छेद है। उनके लिए स्वास्थ्य विभाग ने बाल हृदय योजना की शुरुआत की है। यह योजना अब बच्चों के जीवन को उज्जवल करने में सार्थक साबित होने लगी है। इस योजना के तहत गोपालगंज जिले के तीन बच्चों को चिह्नित किया गया है। जिनका दिल का ऑपरेशन अहमदाबाद में किया जायेगा। आरबीएसके के जिला समन्वयक डॉ. अमित रंजन ने बताया कि आरबीएसके की टीम के द्वारा चिह्नित हृदय रोग से ग्रसित बलथरी गांव निवासी मिथुन तिवारी के पुत्री अंशिका कुमारी, कुचायकोट के विशंभरपुर निवासी सुजित कुमार तथा हथुआ के अख्तर हुसैन की पुत्री जेनब परवीन का चयहन ऑपरेशन के लिए किया गया है। जिनका ऑपरेशन अहमदाबाद के श्री सत्य साई हॉस्पिटल में किया जायेगा। गुरुवार को एयरप्लेन से तीनों बच्चों को अहमदाबाद भेजा गया। यह सभी सुविधा पूरी तरह से निरूशुल्क है। पूरे बिहार से गुरुवार को 27 बच्चों को अहमदाबाद भेजा गया है जिसमें गोपालगंज के तीन बच्चों का चयन किया गया है। सर्वप्रथम ऐसे बच्चों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य योजना की टीम चयन करती है। इसके बाद वरीय स्वास्थ्य संस्थान में इसकी सूची भेजी जाती है। वहां से काउंसिलिंग के बाद उक्त बीमारी से पीड़ित बच्चों के इलाज को लेकर बेहतर स्वास्थ्य संस्थान में भेजा जाता है। जन्म के वक्त जिन बच्चों के हृदय में छेद होता है वैसे बच्चों के अभिभावकों को काफी आर्थिक संकटों का सामना करना होता है। इन्हें राहत देने के लिए योजना शुरू की गई है।



## ऑटो चालक पर महिला ने लगाया बाइक चोरी का आरोप

अमिट रेखा प्रताप गढ ब्यूरो

प्रताप गढ , पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नोही गांव की एक महिला ने आटो रिक्सा चालक पर लगाया चोरी का आरोप पुलिस को तहरीर। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नोही गांव निवासिनी श्यामकली पत्नी हरिराम ने तहरीर देकर आरोपित किया है कि बीते बुधवा की दोपहर सैफाबाद बाजार एटीएम द्वारा ₹5000 निकाली उसके बाद घर जाने के लिए एक ऑटो रिक्शा में बैठ गई निकाला हुआ रुपया 5000 एक थैले में रखे जिसमें उसका एक मोबाइल भी और एक साड़ी व एटीएम था हड़बड़ाहट में महिला घर पहुंचने उतर गई और उसका थैला ऑटो रिक्शा में ही छूट गया जब उसे याद आया ड्राइवर की खोज करने लगी ड्राइवर को खोजते हुए उसके घर पहुंची ड्राइवर जमील निवासी चितई पुर थैला की जानकारी होने से इंकार कर रहा है पुलिस मामले की जांच में जुटी

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमिट प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव
मो०– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होगें।